सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 220



06 स्मृति शेष : बहुत याद आएंगे अमीन सयानी

## न्यूज डायरी

### राज्य में अडाणी ग्रुप करेगा 1000 करोड़ रुपये का निवेश

रांची। अडाणी ग्रुप की इकाई अंबुजा सीमेंट्स गोड्डा में चार मिलियन टन क्षमता का सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट लगायेगा। इसमें 1000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे क्षेत्र के बुनियादी ढ़ांचे के विकास और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। ग्रुप के सीइओ अजय कपूर के अनुसार क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने को हम प्रतिबद्ध हैं।

### जरमुंडी के एएसआइ घूस लेते गिरफ्तार

दुमका ।एसीबी की टीम ने 10 हजार रिश्वत लेते जरमुंडी थाना के एएसआइ राजकुमार सिंह को एक बिचौलिये के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बिजली चोरी के केस में मदद के नाम पर घूस ले रहे थे। गरडी गांव के अभिषेक कुमार ने एसीबी में शिकायत की थी। केस में राहत दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये मांग रहा था।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, आइइडी बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में बुधवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के लगाये गये आइइडी को बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने उसी स्थान पर उसे नष्ट कर दिया। यह आइइडी सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों ने लगाया था।

### 8 को देवघर आयेंगे रवि किशन समेत पांच स्टार

देवघर। शिव बारात में शामिल होने 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर पांच भोजपुरी कलाकार बाबधाम आयेंगे। इनमें मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेशलाल यादव निरहुआ, पवन सिंह और आम्रपाली दुबे शामिल हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के सेवायत डॉ सुनील खवाड़े ने बताया कि सभी सुपर स्टार 8 को रात्रि में केकेएन स्टेडियम से निकलने वाली शिव बारात में शामिल होकर भ्रमण करेंगे।

### 6 लोगों पर गिरी चट्टान तीन की मौत, 3 घायल

जयपुर। राजस्थान में पाली की ग्रेनाइट खदान में 6 मजदूरों पर 100 टन की चट्टान गिर गयी। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गयी। उनके शव चट्टान के नीचे दबने से पूरी तरह पिचक गये थे। इन्हें कपड़े में भरकर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, 3 लोग घायल हो गये। हादसा पाली जिले के गुड़ा एदंला थाना क्षेत्र के साकदड़ा गांव (चाणोद) के पास बुधवार सुबह हुआ। घटना के बाद खनिज विभाग ने जांच के लिए अजमेर से टीम भेजी है।

### 27 को रांची आयेंगी अभिनेत्री अमीषा पटेल

रांची। चेक बाउंस से जुड़े मामले में फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल 27 को रांची आयेंगी। वह सीआरपीसी 313 के तहत बयान दर्ज करायेंगी। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## सीएम ने अबुआ आवास की दी सौगात, ग्राम गाड़ी योजना शुरू की

# झारखंड से भेदभाव कर रही केंद्र सरकार

- हेमंत ने घुटने नहीं टेके, तो साजिश कर जेल में डाला
- केंद्र ने कहा पीएम आवास देंगे, पर हमें नहीं दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को अबुआ आवास और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की सौगात दी। मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में समारोह में चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया। साथ ही रांची समेत दक्षिणी प्रमण्डल के जिलों के अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी सौंपा। वहीं 80 बसों के साथ मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की। इस दौरान श्री सोरन ने केंद्र सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसी पर जम कर भड़ास निकाली। उन्होंने केंद्र पर झारखंड से भेदभाव करने का आरोप लगाया। कहा कि झारखंड से निकले खनिज की बदौलत दिल्ली, यूपी और गुजरात तक में रौनक है, पर झारखंड राज्य पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारों को लगातार परेशान करती रहती है। युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जब भाजपा के आगे घुटने नहीं टेके, तो उनको केंद्रीय एजेंसी की मदद से जेल में डाल दिया। सीएम ने कहा, हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में जो काम किया, वह भाजपा के लोग 25 वर्ष में भी नहीं कर सकते। हमारी सरकार हेमंत की सभी योजनाओं को आगे बढ़ायेगी। सरकार किसी के दवाब में नहीं आयेगी।

**केंद्र ने आदिवासियों से धोखा किया :** सीएम श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने कहा था कि 2022 तक सबको पक्के मकान देंगे, 2024 आ गया, नहीं मिला। यहां के आदिवासी-मूलवासियों के साथ कितना बड़ा धोखा किया गया। प्रधानमंत्री आवास को ले कर पीएम ने बड़ी-बड़ी बातें कीं। झारखंड से भी पीएम आवास के लिए लिस्ट भेजी गयी। पर केंद्र सरकार ने झारखंड को पैसे देने से मना कर दिए। तब जाकर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तय किया कि हम अपने दम पर झारखंड के लोगों को पक्का मकान बनाकर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत बाबू ने प्रदेश की जनता से जो वादे किये थे, उन सारे वादों को वह पूरा करेंगे। पलामू में सुखाड़ की समस्या को खत्म करने के लिए पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना का शिलान्यास हो चुका है। पलामू को जल्द सुखाड़ से निजात मिल जाएगी।

### भाजपा पर बरसे, कहा शर्म करें

सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग अबुआ आवास को बबुआ आवास कहते हैं। उन्हें शर्म करनी चाहिए। भाजपा वाले सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहे। वे बतायें कि उन्होंने राज्य के क्या किया। सीएनटी में छेड़छाड़ किया, तो जनता ने गद्दी से उतार दिया। तो अब वे लोकतांत्रिक तरीके से बनी सरकार को कमजोर करने की कोशिश में लग गये हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने झारखंड की क्या हालत कर दी थी, किसी से छिपा नहीं है। दो वर्ष में हेमंत ने जो काम कर दिया, वह भाजपा के लोग 25 वर्ष में भी नहीं कर सकते।

### गांव-शहर की दूरी मिटेगी

चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की भी शुरुआत कर दी गयी है। इसके जरिये उनकी सरकार गांव और शहर की दूरी मिटा देगी। लोगों को शहर जाने में दिक्कत न हो, इसलिए इस योजना जरूरी थी। इसमें स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों को भी टिकट के पैसे नहीं देने होंगे। इससे गांव में रहने वाले गरीबों का शहर आना और वहां से लौटना आसान हो जायेगा। सीएम ने बुधवार को ही 80 बसों के साथ मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की। ये बसें गांव से शहरों को जोड़ेंगी। कार्यक्रम में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा की साजिश सफल नहीं होने देंगे

सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी, तभी से इसे गिराने की साजिशें रची जाने लगी। झारखंड के लोग समझ चुके हैं, भाजपा की नीति क्या है। झारखंड में उसकी साजिश कभी सफल नहीं होनें देंगे। झारखंड की खनिज संपदा पर बाहरी लोगों की गिद्ध दृष्टि है। भाजपा की सरकार इतने दिनों तक प्रदेश में रही, उन्होंने सूबे का विकास नहीं किया। अब हमारी सरकार विकास कर रही है, तो इन्हें परेशानी हो रही है।

### हमारी सरकार हेमंत पार्ट-2 है

चंपई सोरेन ने कहा कि वह बार-बार कहते हैं कि उनकी सरकार हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-2 है। हेमंत सोरेन ने झारखंड को विकसित झारखंड बनाने का सपना देखा है। उन्होंने इसके लिए कई योजनाएं तैयार कीं हैं। चंपाई सरकार उन योजनाओं को लागू करेगी और प्रदेश को खुशहाल प्रदेश बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। कोरोना काल में हेमंत सोरेन ने राज्यहित में अद्भुत काम किया। पूरे देश में झारखंड की सराहना हुई। लुंगी और हवाई चप्पल पहनने वालों के लिए हवाई जहाज की व्यवस्था की, ताकि वे सुरक्षित अपने परिवार के पास पहुंच सकें।

---

### सीजीएल परीक्षा प्रश्न पत्र लीक का मामला और गहराया

## जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने सौंप दिया इस्तीफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। सीजीएल परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में उठे विवाद के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव झारखंड को अवगत भी कर दिया है। सीएस को लिखे गए पत्र में उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से स्वतः पद का त्याग करने का जिक्र किया है। उनके इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि मुख्य सचिव कार्यालय ने कर दी। पेपर लीक मामले की एसआइटी जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में नामकुम थाने में प्राथमिक भी दर्ज की गयी है। नीरज सिन्हा 12 फरवरी 2023 को वह झारखंड डीजीपी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद उन्हें



झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था।

**एसआइटी कर रही जांच**

मामले की जांच एसआइटी को सौंपी गयी। इस मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो सज्जाद इमाम उर्फ शमीम समेत कई लोगों को गिरफ्तारियां हो चुकी है। इसी बीच आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपना त्यागपत्र मुख्य सचिव को भेज दिया है। इसमें उन्होंने इस्तीफे की व्यक्तिगत कारणों को बताया है। (शेष 11 पर)

### प्रेमी शादी से मुकरा प्रेमिका ने की खुदकुशी

धनबाद। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर आरा मोड़ स्थित ट्रेनिंग स्कूल की समीप एक युवती ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना, भूली ओपी और राजकीय रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है। जिस लड़के से युवती प्रेम करती थी उसके घर वाले शादी से के लिए रजामंद नहीं थे। वहीं मामले में मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी मंगलवार की शाम 6:00 बजे से गायब थी और आज बेटी की लाश मिलने की जानकारी मिली। मृतका के पिता ने बताया कि पिछले 5-6 महीने से बेटी का शोएब कुरैशी नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब बेटी अपने प्रेमी से शादी करने की बात कही तो उसने साफ इनकार कर दिया।

### आलाकमान के आश्वासन पर रांची लौटे विक्षुब्ध कांग्रेसी, कहा

## बदलाव जरूरी, किसी को मंत्री बना दें, आपत्ति नहीं

**प्रभात सिंह**

रांची। कांग्रेस के नाराज आठ विधायक बुधवार की देर शाम दिल्ली से रांची लौट आयें। दिल्ली में पांच दिनों तक रहने और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेनुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात के बाद सभी लौटे हैं। रांची लौटे विधायकों ने साफ कर दिया कि आलाकमान ने फेरबदल के संकेत दिये हैं। बस समय का इंतजार करें। आलाकमान के आश्वासन पर ही वे झारखंड लौटे हैं। उन्होंने कहा कि आलाकमान कांग्रेस के 12 विधायकों में से किसी को भी मंत्री बना दें, उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि आलाकमान के सामने सारी चीजों को रख दिया गया है।



उनके पास भी रिपोर्ट है। केंद्रीय नेतृत्व ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेनुगोपाल के साथ बुधवार को पांच विधायकों राजेश कच्छप, भूषण बारा, सोनाराम सिंकु, दीपिका पांडेय सिंह और कुमार जयमंगल ने वन टू वन मुलाकात की। इससे पहले डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला और अंबा प्रसाद ने मंगलवार को मुलाकात की थी। रांची लौटे विधायकों में अपने मंत्रियों के प्रति भारी नाराजगी देखी गयी। विधायक राजेश कच्छप का कहना है कि जो मंत्री बने हैं, वे बिल्कुल नहीं सुनते हैं। अपने आप को राजा समझते हैं और अन्य विधायकों को प्रजा। पानी सर के ऊपर आ चुका था। आलाकमान को सारी बातों से अवगत करा दिया गया है। सकारात्मक बातचीत हुई है। जल्द इसका नतीजा दिखेगा। विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री शोषण कर रहे हैं। उन्हें हटाया जाए और पार्टी के अन्य 12 विधायकों में से किसी को भी मंत्री बना दिया जाए। इसमें पार्टी के अन्य विधायकों को कोई आपत्ति नहीं होगी। विधायक भूषण बारा ने कहा कि मंत्रियों से नाराजगी सिर्फ विधायकों की नहीं है, बल्कि जिलाध्यक्षों से लेकर कार्यकर्ता तक की है। वे किसी की भी नहीं सुनते हैं। विधायकों की बातों पर भी गौर नहीं करते हैं। विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि आलाकमान ने पार्टी और जनता के लिए काम करने का निर्देश दिया है। भाजपा की नीतियों का विरोध करने और लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर लाने को कहा गया है। वे लोग पार्टी को मजबूत करेंगे और आलाकमान के निदेर्शों का पालन करेंगे।

## रांची में जमीन कारोबारी दंपती की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची में अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बुधवार की देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने दंपती को गोली मार कर हत्या कर दी। यह घटना जिले के पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में घटना रोड नंबर चार की है। बिरसा नामक व्यक्ति और उनकी पत्नी को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा आनन फानन में दंपति को रिम्स भेजा, पर उनकी मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। दंपति को अपराधियों ने किस वजह से गोली मारी, इसकी छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बिरसा जमीन का कारोबार करता था।



पुलिस को घटनास्थल से सात खोखा मिला है। बिरसा की पत्नी को पेट में गोली लगी है, अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी। बिरसा हाल ही में जेल से बाहर निकला था और जमीन के कारोबार में जुड़ा था। पुलिस को आशंका है सूद का काम करने और जमीन के मामले में ही बिरसा की हत्या हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब हो कि इसी रोड में अपराधियों ने सगे भाई बहन की हत्या कर दी थी और मां को मारकर जख्मी कर दिया था।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर फैसला आज

रांची। प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट के विशेष कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने को लेकर फैसला सुरक्षित रख लिया। विशेष कोर्ट अब गुरुवार को फैसला सुनायेगा। विधायक ढुल्लू महतो और नलिन सोरेन का हवाला देकर महाधिवक्ता ने अदालत में बहस की। बजट सत्र में वित्तीय बिल पेश होता है। ऐसे में हेमंत सोरेन की उपस्थित को अनिवार्य बताया। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद ही अब हेमंत सोरेन बजट सत्र में शामिल हो सकेंगे।

## रांची टेस्ट जीतने की पूरी कोशिश करेंगे : गिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट खेलेंगी। ऐसे में टीम इंडिया बुधवार को जेएससीए ग्राउंड में अभ्यास के लिए पहुंची। टीम में मुख्य बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल समेत बल्लेबाज और गेंदबाज शामिल थे। नेट प्रैक्टिस से पहले बुधवार को टीम इंडिया के खिलाड़ी शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि टीम जीतने के लिए पूरी कोशिश करेगी, हम पूरी तरह से तैयार हैं। यहां धोनी के बगैर खेलने और टीम उनको यहां कितना मिस करेगी? इस सवाल पर गिल ने कहा कि रांची में ही नहीं, हम चाहें भारत में कहीं भी खेलें, हर जगह हर कोई उन्हें मिस करता है। गिल ने कहा कि टीम इंडिया इस समय




बेहद संतुलित है। रांची में ही सीरीज जीतने की उसकी पूरी कोशिश होगी। टीम के शानदार प्लेयर विराट कोहली को टीम इंडिया जरूर मिस कर रही है। अभी टीम में जो यंग स्टार हैं, वे लगातार अपने परफॉर्मेंस से छाप छोड़ रहे हैं। टीम इंडिया के परफॉर्मेंस पर उन्होंने कहा कि टीम फिलहाल हर मैच में 400 प्लस रन कर रही है, जिसे बेहतर कहा जा सकता है।

### किसानों ने दिल्ली कूच रोका, बोर्डर पर बवाल 12 जवान जख्मी

# सभी समस्याओं हल हम निकाल लेंगे : अर्जुन मुंडा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। किसान संगठनों ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली कूच करने का प्लान फिलहाल 2 दिन के लिए टाल दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि खनौरी में हुई घटना पर हम चर्चा करेंगे। दिल्ली की ओर हमारे मार्च पर दो दिन का स्टे रहेगा। हम बाद में पूरी स्थिति स्पष्ट करेंगे कि क्या करना है, हमारा



आगे का आंदोलन क्या होगा। शुक्रवार को आगे की रणनीति की घोषणा होगी। किसान नेताओं ने कहा, सरकार हमारी मांगे नहीं मान रही है। वहीं शंभू, खनौरी बॉर्डर पर जमे किसानों ने बुधवार को जम कर बवाल काटा। झड़प में जींद में 12 पुलिसकर्मी घायल हो गये। चौथे दौर की वार्ता विफल हो चुकी है। पांचवें दौर के लिए किसानों को आमंत्रित किया गया है। नयी दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ सभी मुद्दों पर बात करने को तैयार है। सरकार को भरोसा है कि किसानों की सभी समस्याओं का हल हो जायेगा। (शेष 11 पर)

### समस्याओं का हल पहली प्राथमिकता

कृषि मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने बुधवार को यहां कहा कि सरकार किसान संगठनों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय और आंदोलनकारियों पर प्राथमिकी पर बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मैं दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने सभी से शांति बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली बैठकों में भले ही हम किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में विफल रहे, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दिनों में किसानों की समस्या का समाधान हम जरूर निकाल लेंगे।

### बजट सत्र: आज झामुमो विधायक दल की बैठक

रांची। 23 से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारी को ले कर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। महागठबंधन विधायक दल की बैठक गुरुवार को सीएम आवास में बुलायी गयी है। बैठक में बजट सत्र से पूर्व चर्चा होगी। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य के अनुसारलोकसभा में सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन किया जायेगा।

**सीएम ने दिया जिम्मा :** बजट सत्र में सीएम के विभागों के सवालों के उत्तर देने व विधायी कार्यो के लिए छह कैबिनेट मंत्रियों आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख और भोक्ता को प्राधिकृत किया है।

# जेएसएससी-सीजीएल विरोध प्रदर्शन में निर्दोष छात्रों का केस वापस ले सरकार



## सीएम चंपई सोरेन से झामुमो छात्र मोर्चा ने मिलकर ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल के प्रश्नपत्र लीक से संबंधित 31 जनवरी को जेएसएससी कार्यालय नामकुम रांची में विरोध प्रदर्शन हुआ था। इसमें नामकुम थाना पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नामजद एव अज्ञात एफआईआर दर्ज किया गया है। इसमें बहुत से ऐसे छात्रों का नाम हैं, जो निर्दोष हैं। इस मामले को लेकर झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति का प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला। उनसे मांग किया कि पुलिस द्वारा चिन्हित कर जो दोषी न हों, उसका नाम इस केस से हटा देस ताकि निर्दोष छात्रों के चरित्र में दाग न लगे।

मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी ने सीएम से आग्रह किया कि निर्दोष छात्रों का नाम वापस करने का निर्देश पुलिस प्रशासन को दें, ताकि झारखंडी छात्र युवाओं पर एक अच्छा संदेश का संचार हो। सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा यह सरकार छात्र युवाओं की सरकार हैं। उन्हें हरसंभव सरकार की ओर से सहायता की जाएगी। मौके पर अमन तिवारी,असद फेराज टिंकू, इरफान खान, अमन ठाकुर, अतिकुर रहमान, भास्कर महतो, राहुल मुंडा, अंकित कुमार महतो, कासिफ रजा शामिल थे ।

## खबर एक नजर में

### अमीषा पटेल 27 को दर्ज करायेंगी बयान



**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में एक्ट्रेस 27 फरवरी को सीआरपीसी 313 के तहत अपना बयान दर्ज करायेंगी। सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता के लिए समझौते की पेशकश की थी लेकिन समझौता नहीं हो पाया। इसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल का बयान दर्ज करने के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी।

### सांसद गीता कोड़ा ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

**रांची।** आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने बुधवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। मामले में अब आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। इसके पहले अभियोजन की ओर से गवाह पेश किया जायेगा । अदालत ने गवाह पेश करने की तारीख 15 मार्च निर्धारित की है। बीते 15 फरवरी को गीता कोड़ा ने सरेंडर किया था। जानकारी हो कि आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है।

### लोकसभा चुनाव पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ सीइओ की बैठक कल

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ एक बैठक होगी। इसमें राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों को बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर आहूत इस बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी शहरी निकायों के पदाधिकारियों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई जाएगी औरनिर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया जाएगा। मतदान प्रतिशत के इस अंतराल को न्यूनतम करने की प्रभावी कवायद शुरू करने को लेकर ही यह बैठक बुलाई गई है।

### भाजपा की मानसिकता सिख विरोधी : मथारू

**रांची।** कोलकाता में भाजपा नेता शिवेंद्रू अधिकारी के दौरे के दौरान ड्यूटी में तैनात आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी बताए जाने की घटना की राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने कड़ी शब्दों में निंदा की है। आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि ड्यूटी में तैनात आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान कहकर अपमानित किया है। यहां भाजपा की सिख विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल सरकार को पत्र लिखकर सिख आईपीएस अधिकारी को अपमानित करने वाले भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जांच में खुलासा : झारखंड के नियम-कानून को धता बता कर जारी किया गया प्रमाण पत्र

**रांची।** सैनिक स्कूल तिलैया में नामांकन टेस्ट 2018 की सीबीआई जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि किस तरह अधिकारी, पंचायत सचिव, मुखिया इत्यादि डोमेसाइल या जन्म प्रमाण पत्र तैयार कराते हैं। अधिकांश मामले ऐसे मिले जिनमें अधिकारियों के द्वारा ही डोमेसाइल निर्गत किया गया। इनमें कई फेक थे। वहीं, दो उदाहरणों में जन्म प्रमाण पत्र पंचायत सचिवों के द्वारा निर्गत किया गया है वह भी बिना किसी फील्ड वेरिफिकेशन के, यानि जिस निवास व जन्म स्थान का पता दिया गया था, उसकी जांच नहीं हुई और मिली भगत कर प्रमाण पत्र निर्गत किए गये हैं। वहीं, पांच मामले ऐसे मिले जिसमें मुखिया के द्वारा जाली वंशावली को सर्टिफाइड किया गया। इस वजह से प्रमाण पत्र आसानी से निर्गत हो गये। पूरे मामले पर सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आवासीय या जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में झारखंड सरकार की गाइडलाइन का सीधा-सीधा उल्लंघन किया गया। सर्किल ऑफिस को भी धोखे में रखकर काम कराया गया। हल्का कर्मचारियों की सारे मामले में भूमिका तय करने को कहा है ताकि भविष्य में कागजातों का सत्यापन सही से हो सके।

### सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार पर ही भरोसा नहीं : रमाकांत महतो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि विगत पांच दिनों से झारखंड छोड़ दिल्ली में डेरा जमाये कांग्रेसी विधायकों पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक अपनी निजी फायदे के लिए सरकार की शिकायत करने दिल्ली में डेरा जमाये बैठे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की युवा, महिला, आदिवासी मूलवासियों की समस्या को लेकर ये विधायक कभी दिल्ली नहीं गये। इन विधायकों को न तो प्रदेश नेतृत्व भाव दे रही है और न ही केंद्रीय। फिर भी विलाप जारी है। मगर कोई इनका सुननेवाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो गया है।एक ओर जहां कांग्रेस के 12 विधायक सोरेन सरकार के मंत्रियों के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हैं वही, दूसरी ओर आलाकमान द्वारा भाव नहीं दिये पर राज्य विकास का घड़ियाली आंसू बहाते हैं। उन्होंने कहा है कांग्रेस पार्टी की प्रकृति रही है कि जहां उनकी साझेदारी की सरकार रहती है, वहां तो बारगेनिंग करते ही हैं।

## सीएम चंपई सोरेन ने महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का किया शुभारंभ

# ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किमी बनेगी सड़क ग्राम गाड़ी योजना की बसें दौड़ेंगी सरपट : सीएम

### देश में झारखंड सोने की चिड़िया, जिसपर बाहरी लोगों की है नजर

#### अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के सीएम चंपई सोरेन ने बुधवार को राज्य की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' की शुरूआत की। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के समय बनी इस योजना के शुरू होने से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए आवागमन बहुत आसान हो जाएगा। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने ग्राम गाड़ी योजना की लॉन्चिंग के साथ-साथ रांची प्रमंडल में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। चंपई सोरेन की सरकार में राज्य के 20 लाख से अधिक लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना में 38 लाख आवेदन आये हैं। जिसमें से 20 लाख आवेदन को शॉर्टलिस्टेड किया गया है। चंपई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना इसलिए लाना पड़ा, क्योंकि केंद्र सरकार ने हमें पीएम आवास की राशि नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महीने के अंदर नौ लाख लाभुकों को अबुआ आवास दे दिया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किलोमीटर सड़क बनेगी, जिसपर ग्राम गाड़ी योजना की गाड़ी सरपट दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि युवा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भेदभाव हुआ है। राजनीतिक दल की तरह केंद्रीय जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। हेमंत सोरेन ने राज्य की बुनियादी जरूरतों को समझ लिया था। देश में झारखंड सोने की चिड़िया है, जिसपर बाहरी लोगों की नजर पड़ी है। राज्य के आदिवासी मूलवासी जहां थे, वहीं रह गए हैं। डबल इंजन की सरकार ने 5000 से ज्यादा प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया था, तो हेमंत सोरेन ने यहां के किसानों, मजदूरों को उन्नत शिक्षा देने और विदेश तक भेजने की व्यवस्था की है। बीजेपी की सरकार ने 1 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया था। हमारी सरकार ने नए राशन कार्ड बनवाये।

### राज्य के मंत्री, सांसद और विधायक ने भी रखे विचार

**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना क्रांतिकारी कदम : रामेश्वर** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुभांरभ और अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि ये दोनों क्रांतिकारी कदम हैं और इससे जनजीवन में सुधार होगा।

**डबल इंजन की सरकार में सिर्फ झूठ : सत्यानंद भोक्ता** मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व की डबल इंजन की सरकार ने सिर्फ जुमला दिया। हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन की सिंगल इंजन की सरकार ने रोजगार, आवास, परिवहन, पेंशन सबकुछ जनता जनार्दन को दिया है।

**मजदूरों के मसीहा और गरीबों के नेता हैं चंपई : बन्ना** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पूर्व युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और वर्तमान मुख्यमंत्री के अनुभव का लाभ राज्य को मिलेगा। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम टूटने और झुकने वाले लोग नहीं है।

**सुपर हिट है अबुआ आवास योजना : दीपक बिरुआ** अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण और परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सोच के साथ जुड़ी अबुआ आवास योजना एक सुपरहिट योजना है। ग्राम गाड़ी योजना भी सुपरहिट होगी।

**शिक्षा-रोजगार क्षेत्र में राज्य आगे बढ़ेगा : महुआ माजी** सांसद महुआ माजी में कहा कि ग्राम गाड़ी योजना से शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में राज्य आगे बढ़ेगा।

#### ये लोग नि:शुल्क करेंगे ग्राम गाड़ी योजना के तहत सफर

- राज्य के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले सभी वरिष्ठ नागरिक।
- राज्य के छात्र-छात्राएं।
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिलाएं।
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी।
- दिव्यांगजन।
- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति।
- मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान।
- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी और ओबीसी को प्राथमिकता।
- लाभुकों को नए वाहन की खरीद पर पांच प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी पांच वर्षो के लिए।
- योजना के तहत चलने वाली गाड़ियों को रोड टैक्स में राहत।
- एक रुपए की टोकन राशि पर नए वाहनों को परमिट शुल्क, निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क का आवेदन।
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक, वाहनों के स्वामी अपने-अपने जिलों के डीटीओ से संपर्क कर सकते हैं।

**हेमंत सोरेन की सोच थी अबुआ आवास योजना : शिल्पी** मांडर से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज जिन लोगों के हाथ में अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र मिलने की खुशी है, यह निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़संकल्प का नतीजा है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों को चंपई सोरेन सरकार आगे बढ़ा रही है।

## राज्य के उद्योग मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# झारखंड में औद्योगिक विकास को नयी दिशा देना प्राथमिकता : सत्यानंद भोक्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उद्योग विभाग का मंत्रालय संभालने के बाद पहली बार प्रोजेक्ट भवन स्थित उद्योग विभाग कार्यालय में बुधवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक विकास को लेकर गंभीर है। विभाग को नई दिशा देना सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग विभाग स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। सरकार अपने सामाजिक ढांचे, कुशल मानव संसाधन और संस्कृति के अनुरूप बेहतर कार्य करेगी।



### प्रयास करें कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिले

कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिये जाने का प्रयास हो। उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। बंद पड़े उद्योगों को पुनः चालू करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किया जा सके। नए उद्योगों के लिए सरकार अनुकूल माहौल तैयार करेगी। इससे राज्य में नए निवेशक भी आएंगे। उद्योग के लिए मूलभूत ढांचा बेहतर होना जरूरी है। इस पर सरकार तेजी से काम करेगी। झारखंड असीम संभावनाएं वाला प्रदेश है। सरकार औद्योगिक नीति 2021 को बेहतर तरीके से लागू करेगी। इससे राज्य का विकास के साथ अतिरिक्त रोजगार और संसाधन भी सृजित होगा। समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, जुडको निदेशक माधवी मिश्रा समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### राज्य में सड़क-पुल की नयी परियोजनाएं जल्द : बसंत सोरेन

**रांची।** पथ निर्माण भवन निर्माण व जलसंसाधन विभाग के मंत्री बंसत सोरेन ने बुधवार को कहा कि पूर्व की हेमंत सोरेन की सरकार में काफी विकास कार्य हुए हैं। ऐसे में वर्तमान चंपाई सोरेन की सरकार में भी उन्हीं विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा। वह बसंत प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क-भवन निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। लंबित योजनाएं जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही नई सड़क-ब्रिज की की स्वीकृति दी जायेगी।

## राज्य के 27 जिला शिक्षा पदाधिकारी बदले, मो. वसीम बने रांची के डीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में सरकार ने विभिन्न जिलों के 27 शिक्षा पदाधिकारियों का तबादला किया है। लोहरदगा के डीईओ अपरूपा पॉल चौधरी को डीईओ खूंटी बनाया गया है। इसी तरह मो वसीम अहमद को गुमला से रांची भेजा गया है। अभय कुमार शील को गुमला का डीएसई बनाया गया है। वहीं, प्रवीण रंजन को खूंटी, अतुल कुमार चौबे को डीएसई बोकारो, मुकुल राज को डीएसई गिरिडीह, निशु कुमारी को डीएसई धनबाद, टोनी प्रेमराज टोप्पो को डीईओ पश्चिमी सिंहभूम, अजय टोपनो को डीएसई पशिचमी सिंहभूम, मनोज कुमार को डीईओ पूर्वी सिंहभूम, रणधीर कुजूर को प्राचार्य, महिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेदिनीनगर, पलामू, बिनोद कुमार को डीएसई देवघर, राजेश कुमार पासवान को डीएसई जामताड़ा, विनय कुमार को डीएसई कोडरमा, नयन कुमार को डीएसई पाकुड़, मिथिला टुडू को डीएसई गोड्डा, आशिष कुमार पांडेय को अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, धालभूम, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, कैलाश मिश्रा को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, रांची (प्रतिनियुक्ति प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखंड, रांची), सरिता कुमारी को प्राचार्य, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट), कोडरमा, रजनी देवी को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका, निर्मला कुमारी बरेलिया को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, कोलहान प्रमंडल, चाईबासा, शिवेन्द्र कुमार को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, सुशील कुमार को डीईओ पलामू, दुर्गानंद झा को डीईओ साहेबगंज, उपेंद्र नारायण को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा नूर आलम खां को डीएसई लोहरदगा, दीपक राम को डीएसई सिमडेगा भेजा गया है। यह आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी कर दिया है।

## लोबिन हेंब्रम बनायेंगे नयी पार्टी, पर अभी झामुमो छोड़ने से किया इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से दो वर्षों से नाराज चल रहे झामुमो के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम नयी पार्टी का गठन करेंगे। वर्तमान में लोबिन जिस गैर राजनीतिक संगठन झारखंड बचाओ मोर्चा के संरक्षक हैं, उसका पार्टी के तौर निबंधन की तैयारी करने में जुटे हैं। अब इस पार्टी का स्वरूप क्या होगा, कब तक निबंधन होगा, यह सपष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि लोबिन एक समांतर संगठन या पार्टी को खड़ा करके अपनी पार्टी पर दबाव कायम रखना चाहते हैं। अगर चुनाव में राजनीतिक परिस्थिति बदलती है तो यह अलग राह पकड़ सकते हैं। लोबिन ने बताया कि वह झारखंड बचाओ मोर्चा से संरक्षक के रूप में जुड़े हैं। वह झामुमो नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दो वर्षों से सदन से लेकर सड़क तक मुखर रहे। चाहे वह खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात हो या नियोजन नीति की या फिर जल, जंगल जमीन लूट की। जब पूर्व सीएम ने जमीन मामले में इस्तीफा दे दिया तो वे शिबू सोरेन से मिलने के बाद ही सदन में चंपाई सोरेन सरकार को समर्थन दिया। वहीं नयी पार्टी निबंधन की बात सामने आ रही है। देखना है कि आगे की राजनीति किस करवट लेती है।

## नाराज कांग्रेसी विधायकों से एक-एक कर मिले केसी वेणुगोपाल, अंत में दीपिका और अनूप सिंह से मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पांच दिनों से दिल्ली में जमे नाराज कांग्रेसी विधायकों से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल वन टू वन मुलाकात की। केसी वेणुगोपाल एक-एक कर सबसे मिले और उनकी बातों को सुना। पार्टी की तरफ से संगठन के लिए क्या करना है, विधायकों को बताया। वेणुगोपाल राजेश कच्छप, सोना राम सिंकू और भूषण बाड़ा से मिल चुके थे, आखिरी में दीपिका और अनूप सिंह वेणुगोपाल से मिले।

**5 दिनों से दिल्ली में कर रहे हैं कैंप** : मंत्री के चेहरों में परिवर्तन को लेकर आठ विधायक दिल्ली में पांच दिनों से डेरा डाले हुए थे। सभी आलाकामन से मिलने दिल्ली गए थे लेकिन सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की तरफ से उन्हें समय नहीं दिया गया। झारखंड के पूर्व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी उमंग सिंगार सभी से बार-बार मिल रहे थे। चौथे दिन से वेणुगोपाल ने सभी से मिलना शुरू किया। मंगलवार यानी पहले दिन अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला से मुलाकत हुई



थी। बाकी बचे विधायकों ने बुधवार को मुलाकात की।

**भविष्य में उचित निर्णय लेना का दिया था आश्वासन** : पुराने चेहरों को चंपाई सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल करने के बाद से उपजे विवाद पर विधायकों ने राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात कर अपनी मांगो को रखा है। करीब 30 मिनट तक चली बैठक में विधायकों को आश्वासन दिया गया कि राज्य में चल रही गतिविधियों पर नजर है। आने वाले समय में पार्टी उचित निर्णय लेगी।

**होटल में बैठक कर आठ विधायक गए थे दिल्ली** : होटल से निकलने वाले विधायकों की संख्या आठ थी। जिसमें विधायक दीपिका सिंह पांडेय, अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, भूषण बारा, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह शामिल है।

## झामुमो ने फिर चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय-इडी की नियत पर उठाए सवाल, पूछा

# भाजपा के ₹6500 करोड़ काले धन पर इसी-इडी ने क्या कार्रवाई की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के दो अहम निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अब भाजपा का नया नामकरण हुआ है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल लोकतंत्र को बचाने का काम नहीं किया, बल्कि भाजपा के लोकतंत्र और तानाशाही रवैया का पदार्फाश कर दिया है। चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव एक छोटा चुनाव नहीं था, यह चुनाव एनडीए के खिलाफ पहला दो अहम विपक्षी दलों का ज्वाइंट इलेक्शन था। जिसे भाजपा ने बैलेट की चोरी के जरिए अनैतिक तरीके से जीतने का प्रयास किया था। इस अनैतिक काम में



भाजपा मुख्य रूप से अहम भूमिका में थी, वहीं मसीह नही, मोदी पर्दे के पीछे से थे। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा का अब नया नाम घूसखोर-बैलेट चोर हो गया है। उक्त बातें पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

**इलेक्शन कमीशन के समक्ष कई सवाल, जिसे स्पष्ट करना चाहिए:**

भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपए पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए। यह देश की जनता जानना चाहती है। यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही है। इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया। पटना में राजनीतिक दलों की मीटिंग के बाद पत्रकारों का वीवीपैट वोट को लेकर उठाए गए सवालों पर सही-सही जवाब क्यों न दे पाए। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी की लैंडिंग और फिर उड़ान भरने के दौरान आधा घंटा पहले और बाद में नो फ्लाइंग जोन घोषित करने पर क्या इलेक्शन कमीशन ने एक्शन लिया। क्या इस दौरान अगर उसी शहर या क्षेत्र में विपक्षी नेताओं को चुनावी सभा करनी है तो उसे अनुमति नहीं मिलेगी। यह सारे सवाल इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है। जिस पर इलेक्शन कमीशन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

### क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहनना गुनाह है

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंगाल में भाजपा नेता के द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी का पगड़ी पहने रहने के कारण उन्हें खालिस्तानी करार देने पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि क्या इस देश में पगड़ी पहनने से कोई खलिस्तानी हो जाता है, टोपी पहनने से वह पाकिस्तानी हो जाता है। क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहना गुनाह है। भाजपा देश में अजीब हालात पैदा कर रही है।

### झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो ने बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी। पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा। आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

# डीएसपीएमयू का पहला दीक्षांत समारोह आज, 198 को गोल्ड मेडल

## राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

### कन्वोकेशन से पूर्व वीसी के नेतृत्व में किया गया परेड का रिहर्सल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) का पहला दीक्षांत समारोह आज गुरुवार की सुबह 11 बजे से रांची विवि के दीक्षांत मंडप में होगा। इसे लेकर बुधवार को वीसी के नेतृत्व में परेड का रिसर्हसल किया गया। डीएसपीएमयू के वीसी प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन इस दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा 24 फरवरी को डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रो. शांडिल्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह में रांची कॉलेज से पास किये स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को भी गोल्ड मेडल और डिग्री दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक गोल्ड मेडल के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे अंतिम समय पर भी करवा सकते हैं। गोल्ड मेडल लेने वाले छात्रों को रजिस्ट्रेशन का कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### 198 छात्रों को दिये जायेंगे गोल्ड मेडल

स्नातकोत्तर और स्नातक (यूजी-पीजी) के कुल 198 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाना है। स्नातकोत्तर सेशन 2018-20 के कुल 38 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे। वहीं सेशन 2019-21 के 39 और 2020-22 के 45 छात्रों को गोल्ड मेडल मिलेंगे। स्नातक सेशन 2018-20 के 36 और 2019-22 सेशन के 40 छात्रों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे।

### कुर्ता पजामा और साड़ी है ड्रेस कोड

दीक्षांत समारोह में ड्रेस कोड रखा गया है। लड़कों के लिए सफेद कुर्ता पजामा और लडकियों के लिए सफेद लाल पाड़ साड़ी या सफेद सलवार सूट के साथ लाल दुपप्पा पहनकर आना है। इसके साथ विवि की ओर से पप्पा दिया जायेगा। सभी स्ट्रीम के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग रंग का पप्पा दिया जायेगा। पप्पा और एंट्री पास 16 से 18 फरवरी को विवि के ऑफिशियल समय पर दी जायेगी। रिपोर्टिंग टाइम 9:30 बजे रखा गया है। एंट्री पास में सीट नंबर भी होगा, उन्हें उसी सीट पर बैठना है। इसके बाद 23 फरवरी को डिग्री डिस्ट्रीब्यूट कार्यक्रम होगा।

# मौसम बदला : बादल छाये, बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बसंत ऋतु का आगमन हो चुका है। दिन में हल्की गर्मी महसूस होने लगी है लेकिन मौसम केंद्र की मानें तो आने वाले पांच दिनों तक रांची वासियों को धूप और छांव की आंख मिचौनी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 22 फरवरी से 25 फरवरी तक गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। यही नहीं 26 और 27 फरवरी को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे और कहीं कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। लिहाजा, आने वाले सात दिनों तक मौसम में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक एससी मंडल ने यह जानकारी दी है।

मौसम केंद्र के मुताबिक 22 फरवरी को उत्तरी, मध्य और दक्षिण-पूर्वी भागों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। 23 फरवरी को दक्षिणी और उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 24 और 25 फरवरी को दक्षिणी भागों में हल्की बारिश का अनुमान है। संथाल को छोड़कर राज्य के अधिकांश भागों में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इसी वजह से बढ़ रही गर्मी से थोड़ी निजात मिल सकती है।

### अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहने का अनुमान

पिछले 24 घंटों की बात करें तो जमशेदपुर में सबसे ज्यादा 34.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ है। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम में अधिकतम पारा 33.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 32 डिग्री, पाकुड़ में 31.6 डिग्री, खूंटी में 31.1 डिग्री, जमशेदपुर में 31 डिग्री, सिमडेगा में 30.9 डिग्री, गुमला में 30.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। रांची में अधिकतम तापमान 29 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। अगले पांच दिनों तक पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पलामू, देवघर, धनबाद में अधिकतम तापमान 30 डिग्री या उससे थोड़ा अधिक रहने की संभावना है।

## खबर एक नजर में

### फरार भू-माफिया आनंद महतो गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने 5 महीने से फरार जमीन माफिया को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी राजधानी के कचहरी इलाके से हुई है। गिरफ्तार जमीन माफिया का नाम आनंद महतो है और वह पुंदाग इलाके का रहने वाला है। इसके ऊपर एक करोड़ से अधिक की रंगदारी मांगने का आरोप है। गिरफ्तार जमीन माफिया से सुखदेव नगर थाने की पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 20 वर्ष की सजा



**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले के अभियुक्त मांडर निवासी अफताब अंसारी को बीस वर्ष कैद व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनायी है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह कैद की सजा काटनी होगी। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन की ओर से अप्रैल 2022 में मांडर थाने में अपहरण मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने दुष्कर्म की बात कही। जिसके बाद अदालत ने अभियुक्त को न दुष्कर्म का मामला सामने आया। चार्जशीट दाखिल होने पर अदालत ने संज्ञान लिया साथ ही दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट में अभियुक्त पर आरोप तय किया। अदालत ने अभियुक्त को दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट दोनों में दोषी पाया है।

### क्लाउड-9, राज रेजीडेंसी और बालेश्वरी टावर समेत 8 बिल्डरों पर कार्रवाई

**रेरा का प्रोजेक्ट से जुड़े अकाउंट फ्रीज करने का आदेश**

**रांची।** प्रोजेक्ट की क्वार्टरली रिपोर्ट अपडेट नहीं करने के कारण रेरा ने कई बिल्डरों पर फाइन लगाया था। लेकिन बिल्डरों ने रेरा कोर्ट के आदेश को नहीं माना। इतना ही नहीं डेडलाइन खत्म होने के बावजूद फाइन भी जमा नहीं कराया। इसके बाद रेरा ने बिल्डरों पर कार्रवाई की है। जिसके तहत बिल्डरों के प्रोजेक्ट से सबंधित बैंक खाते से सभी प्रकार के ट्रांजेक्शन पर रोक लगा दी गई है। वहीं बैंकों से भी खाते की पूरी जानकारी रेरा को उपलब्ध कराने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में बैंकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, चास और धनबाद के 8 बिल्डरों पर कार्रवाई हुई है।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण कैंप शुरू, 3 मार्च तक चलेगा कैंप

**रांची।** भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में एवं यूजीसी के निर्देश पर बुधवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। 3 मार्च तक चलने वालें इस कैंप में योग्य एवं नए मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, पंजीकृत मतदाताओं के मतदाता सूची में त्रुटियों को संशोधित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ. फादर राबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ. फादर अरूण मिंज, संध्याकालीन प्रभारी प्रो. ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ0 अनिरबान गुप्ता, इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के प्रेसीडेंट प्रो. बी0 के0 सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर डॉ. आशुतोष पाण्डेय का प्रमुख योगदान रहा है।

### जेएसएससी अध्यक्ष पद से इस्तीफा छात्र आजसू की पहली जीत : अभिषेक शुक्ला



**रांची।** छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला बुधवार को वयान जारी कर कहा है कि जेएसएससी परीक्षा में हुई धांधली की गुत्थी अब सुलझने लगी है। जेएसएससी अध्यक्ष का इस्तीफा इसी ओर इशारा कर रहा है। जेएसएससी पेपर लीक मामले में अभी बहुत से खुलासे होने बाकी हैं। जब तक सच्चाई पूरी तरह से सामने नहीं आ जाती तब तक छात्र आजसू के सदस्य इस आंदोलन से पीछे हटने वाले नहीं है।

### आतंकी पन्नू की धमकी के बाद रांची में बढ़ायी गयी सुरक्षा

**रांची।** आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू से रांची के जेएससीए स्टेडिमय में 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टेस्ट मैच को रोकने की धमकी मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गयी है। होटल रेडिसन ब्लू से लेकर जेएससीए स्टेडियम तक सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। रेडिसन ब्लू में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ी रूके हैं। जिससे होटल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। मैच के दौरान खिलाड़ियों को तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था दी जायेगी। एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम में 1500 से अधिक पुलिस जवान तैनात होंगे।

**डीएसपी स्तर के अधिकारियों के जिम्मे होगी सुरक्षा व्यवस्था :** टेस्ट मैच के दौरान छह आईपीएस, 10 से ज्यादा डीएसपी और 1500 से ज्यादा पुलिस बल सुरक्षा व्यस्था संभालेंगे। ट्रैफिक रूट में किस तरह का बदलाव होगा, पार्किंग और होटल के बाहर किस तरह का सुरक्षा घेरा बनाया जायेगा, सभी बातों पर निर्णय लिया जा रहा है।

## झामुमो का उपवास कार्यक्रम 7वें दिन भी जारी रहा

# हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने तक नहीं मनायेंगे होली-दिवाली : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के खिलाफ झामुमो का उपवास कार्यक्रम 7वें दिन भी जारी रहा। रांची के मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिक के समक्ष जारी इस कार्यक्रम के 7वें दिन का नेतृत्व झामुमो जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने किया। कार्यक्रम में रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम भी उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों से अपनी जमीन खिसकता देख भाजपा ने षड्यंत्र के तहत फंसाया है। जब तक हमारे नेता नहीं आएंगे, हम होली-दिवाली कोई त्योहार नहीं मनाएंगे।



### अपनी जमीन खिसकता देख हेमंत को भेजा जेल : बेदिया

हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने कहा कि जब राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी, तब भाजपा ने खजाना खाली कर दिया था। उसके बाद से ही हेमंत सोरेन ने किस तरीके से व्यवस्था को देखा। कोविड में भी देखा कि हवाई जहाज से भी हमारे मजदूर भाइयों को लाने का काम किया और कई तरह की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम किया। इसी सभी कारणों से भाजपा अपनी जमीन खिसकती देख साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। इसके विरोध में गांव-गांव में लोगों में बहुत आक्रोश है।

### गांव-गांव चल रहा है न्याय यात्रा, पंपलेट से लोगों को किया जा रहा है जागरूक : आलम

रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि गांव-गांव में भी पंचायत स्तर पर हमारे कार्यकर्ता न्याय यात्रा व पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बताने का भी प्रयास कर रहे हैं। एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री जो लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे थे विकास कार्य कर रहे थे, उन्हें केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल में डालकर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया है. निश्ति ही यह सभी कार्यक्रम एक वृहद असर डालेगा. कार्यक्रम में गौरव पटेल, संजय सिंह, नीलकंठ महतो, मुकेश राउत, शंकर साव, राजा खान, उज्जवल सिंह, विनेश पासवान, लखन महतो, सूरज बेसरा, विनोद हेंब्रम, संतोष सिंह, जितेंद्र बेदिया, विनोद बेदिया, संजय करमाली, इजहार अंसारी, यासीन खान, कुदुस अंसारी, सरफराज अहमद, बीरेंद्र राणा, कमाल कुरैशी, रामकिशोर मुर्मू, सलीम अंसारी, शोएब अख़्तर, असीब खान, मो. आरिफ, रूचि कुजूर, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, डॉ. हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू, अंतू तिर्की, आदिल इमाम, अरविंद सिंह देवल, रामशरण तिर्की, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, आफताब आलम, रतीश द्विवेदी, विक्रम सिंह, नयनतारा उरांव, सालो देवी, राखी देवी, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, कैथरीना तिर्की सहित कई उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मंत्री बन्ना गुप्ता का जताया आभार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश टीम प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को राज्य में जातीय गणना करने के चंपाई सरकार के निर्णय के प्रति आभार व्यक्त गुलदस्ता देकर किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जातीय जनगणना करने के के लिए मोर्चा द्वारा कई बड़े आंदोलन किए गए।जिनमे माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास को घेराव कर घंटा बजाओ नींद से जगाओ कार्यक्रम के अलावे अन्य आंदोलन चलाए गए थे और उन पर दबाव बनाया गया था। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा राज्य में जातीय गणना करवाने की घोषणा को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अपनी बड़ी जीत के रूप में देख रही है। इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को बड़ी खुशी है। इसलिए संगठन के पदाधिकारी स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर आभार जताया है।

इस मौके पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से राज्य में आरक्षण बढ़ाने और ओबीसी के लिए स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस मौके पर कहा की राज्य सरकार जातीय सर्वेक्षण के बाद ओबीसी का आरक्षण जरूर बढ़ाया जाएगा। केंद्र सरकार देश में निजीकरण कर एक तरफ राष्ट्रीय संपत्ति को निजी व्यक्ति के हाथों में बेच रही है वहीं इससे आरक्षित वर्ग को आरक्षण से भी महरूम कर रही है। मंत्री से मिलकर आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से परमेश्वर महतो, विद्याधर प्रसाद, उमेश जायसवाल, राम अवतार कश्यप, राम लखन साहू, नीरज साहू, देवेंद्र महतो आदि शामिल थे।

# रतन हाइट्स केस : हाईकोर्ट में सुनवाई जारी, लैंड ओनर की ओर से बहस पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में लैंड ओनर की ओर से बहस पूरी हो गई। अब मामले की सुनवाई गुरुवार को फिर होगी। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसिडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। यहां बता दें कि रतन हाइट्स की ओर से पूर्व में बताया गया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है, लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट की बहुमंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है। जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है, यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस जुलाई 2023 में अपना फैसला सुनते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था।

### बाबूलाल मरांडी ने कपिल सिब्बल को पत्र लिखा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल को पत्र लिखा। उन्होंने लिखा कि है निश्चित रूप से आपका नाम देश के मशहूर कानून के जानकारों के साथ राजनीति के क्षेत्र में भी शुमार है लेकिन असहमति है तो आपके सिर्फ उस काम से, जिसमें वकालत पेशे में भी आपको मनोनुकूल फैसला नहीं मिलने पर राजनीति और पक्ष-विपक्ष दिखायी देने लगता है।

# अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी : लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू के केंद्रीय महासचिव सह विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अबुआ आवास योजना के लाभुक के चयन में भारी गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की प्राथमिकता सूची से लाभुक का चयन नहीं करके जियो टैग के आधार पर और पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने से लाभुकों का चयन किया जा रहा है। इससे जरूरतमंदों को आवास से वंचित होना पड़ रहा है। इसको लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के समक्ष मामला संज्ञान में लाया है और उन्हें पत्र भी सौंपा है।

डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना को लेकर जो संकल्प जारी किया है, उसमें यह स्पष्ट है कि ग्रामसभा की प्राथमिकता सूची से लाभुक का चयन करना है। बावजूद इसकी खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीब परिवार को तीन कमरों वाला पक्का मकान दिया जाना है, जिनके पास पक्का मकान नहीं है। गड़बड़ी यह है महिला प्रधान परिवार और दिव्यांग परिवार के लाभुकों का ख्याल बिलकुल नहीं रखा गया है। मनमानी का आलम यह है कि जिनको आवास पहले मिलना चाहिए, वह पीछे चला गया है और जिनको आवास बाद में मिलना चाहिए या जो लाभुक अयोग्य हैं, वह पहले नंबर पर आ गए।

# लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए लाभार्थियों से मिलकर पीएम मोदी का संदेश पहुंचायें कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि लाभार्थियों से मिलकर पीएम मोदी का संदेश पहुंचाने की जरूरत है। श्री मरांडी बुधवार को रांची लोक सभा के लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसकी अध्यक्षता केके गुप्ता ने की। यह बैठक रातू रोड स्थित महानगर कार्यालय में आहूत की गयी थी। उन्होंने कहा कि मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। भाजपा का 370 और एनडीए का 400 से अधिक लोक सभा की सीटो पर जितना भी तय है। हम रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीत जाये। इसकी तैयारी जमीनी स्तर पर करनी है। इसी क्रम में प्रत्येक लाभार्थी से मिलकर उनका आशीर्वाद लेना जरूरी है। इस अभियान को पूरा करने में कोई कार्यकर्ता छूटे नहीं। इसकी योजना लाभार्थियों एवं कार्यकत्ताओं की मैपिंग से करनी है। इस अवसर पर केके गुप्ता ने कहा कि लाभार्थियों की सूची के साथ मंडल में निवास करने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं की मैपिंग करनी है। तब लाभार्थियों तक जाने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता लाभार्थियों की संपूर्ण प्रतिक्रिया को सरल एवं ऑफलाइन फॉर्म में भरे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रत्येक मंडलों में 28 फरवरी तक कार्यशाला आयोजित कर लेने का आग्रह किया। स्वागत भाषण वरुण साहु ने दिया। उन्होंने कहा कि रांची के सभी 17 मंडलों में यह लाभार्थी सम्पर्क अभियान सफल हो इसके लिए जी-जान से जुट जायें। कार्यशाला को ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ने भी संबोधित किया।




इस अवसर पर मंच पर सांसद संजय सेठ, संजीव विजयवर्गीय, रमाकांत महतो, बलराम सिंह, नागेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला में टेलीविजन पर इस अभियान से जुड़ी मोदी जी के संदेश को दिखाया एवं सुनाया गया। इस कार्यशाला का संचालन सत्यदेव मुंडा एवं धन्यवाद ज्ञापन नेहा सिंह ने किया। सूर्यप्रभात, कुमार उत्कर्ष, महानगर एवं ग्रामीण के सभी मंडल अध्यक्ष संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित थे।

# कुपोषण दूर करने के लिए जनजातीय कार्य प्रणाली ने संयुक्त पहल की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य, कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय आयुष, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक संयुक्त पहल की घोषणा की। इस परियोजना का लक्ष्य एनीमिया, हीमोग्लोबिनोपैथिस, कुपोषण और तपेदिक पर विशेष ध्यान देने के साथ देश के 14 राज्यों में चिन्हित 55 ईएमआरएस में कक्षा 6 से 12वीं में नामांकित 10-18 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति की जांच करना है।



साथ ही, आयुर्वेद के द्वारा छात्रों के बीच स्वस्थ जीवन शैली अभ्यासों को विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। इसके अलावा रोगों के प्रबंधन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण बनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त स्वास्थ्य पहल की ई-बुक का अनावरण और ब्रोशर जारी किया।

इस अवसर पर श्री मुंडा ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय जीवन पद्धति का एक प्रमुख हिस्सा ह। भारत की जो परम्परायें आदिकाल से रही हैं। उसको नये तरीके से लोगों के बीच जागरूकता के साथ सतही तौर पर नीचे तक पहुंचा जा सके।आयुष मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय की संयुक्त अनुसंधान और विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य की यह पहल देश के विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन में मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने एकलव्य विद्यालयों से भी आग्रह किया कि जिस प्रकार एकलव्य विद्यालय में पोषण वाटिका बनाए गये हैं। वैसे ही औषधीय पौधों की वाटिका बनाई जाये और इसकी शिक्षा भी साथ ही साथ दी जाये। सभी विद्यार्थियों को फिट इंडिया मूवमेंट के लिये स्वयं को स्वस्थ रखने के लिये परिवार को स्वस्थ्य रखने के लिये इस योजना के साथ जुड़ने का आग्रह किया।

## आज का राशिफल
### 22 फरवरी 2024

**मेष** : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**वृष** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुन** : शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कर्क** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**तुला** : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएे। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।

**वृश्चिक** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु** : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर** : बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कुंभ** : सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।

पेपर लीक मामले की जांच को लेकर जैक अध्यक्ष से मिला आजसू का डेलिगेशन

# इंटरमीडिएट प्रश्नपत्र लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो से मिला। उनसे मिलकर उन्हें जैक इंटरमीडिएट परीक्षा प्रश्न लीक मामले से अवगत कराते हुए सोशल मीडिया (व्हाट्सएप इंस्टाग्राम) के माध्यम से परीक्षा से ठीक पहले वायरल हो रहे 12वीं कक्षा के प्रश्न पत्र से संबंधित 25 पन्नों का दस्तावेज आवेदन के साथ सौंपा। ओम वर्मा ने कहा की परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक होना झारखंड राज्य में आम बात हो चुकी है। अभी जेएसएससी पेपर लीक का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा कि 12वीं कक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने का मामला सामने आ रहा है जो कि काफी चिंता का विषय है। वहीं, अभिषेक शुक्ला ने कहा यह मामला सिर्फ प्रश्न पत्र लिक से जुड़ा हुआ नहीं है यह मामला राज्य के उन तमाम मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ा है, जो साल भर मेहनत कर परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने हौसला रखते हैं। यह उनके हौसले को तोड़ने जैसा है। पहले जोएसएससी पेपर के लिए मामला इंटरमीडिएट परीक्षा का पेपर लीक मामला देखकर लगता है कि झारखंड में पेपर लीक अब हम बात हो गई है। राज्य में प्राइमरी एवं मध्य शिक्षा व्यवस्था की यह स्थिति है तो इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर एवं माहौल कैसा है। शुक्ला ने कहा कि अगर जल्द ही इस मामले का पदार्फाश जैक बोर्ड और राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया कि इस इंटरमीडिएट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक पीछे कौन सा तंत्र काम कर रहा है तो छात्र आजसू चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला और मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव समेत अन्य उपस्थित थे।



## आधुनिक युग की शुरूआत है बिलियन बबल्स लाइव लॉन्ड्री : सुदेश महतो



**रांची।** रातू रोड के पिस्का मोड़ स्थित ग्लेक्सिया मॉल में बुधवार को बिलियन बबल्स लाइव लॉन्ड्री का उद्घाटन आजसू सुप्रीमो सह राज्य पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने किया। इस लाइव लॉन्ड्री की खासियत बताते हुए संचालक कुमारी निधि ने बताया कि यहां की सारी मशीनरीज यूरोपियन एवं अमेरिकन है। आधुनिक तकनीक से कपड़ों एवं जूतों की सफाई की जाती है। खास बात यह है कि कपड़े एवं जूते हमारे यहां कुछ ही घंटो में धूल कर इस्त्री हो कर मिल जाएंगे। जर्मन कैमिकल से कपड़ों एवं जूतों की सफाई होती है। इस कारण कपड़ों के रंग एवं फेब्रिक गुणवत्ता बरकरार रहता है। कंपनी का स्लोगन चमको हर दिन हमारे यहां पिक एंड ड्रॉप की सुविधा उपलब्ध है। घर से ले जाएंगे और घर तक पहुंचाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, अर्पण यादव, भोला शर्मा, संजय जायसवाल, ललित ओझा एवं आजसू के गौतम सिंह, जय श्रीवास्तव, मणिकांत राव, आदित्य सिन्हा और राहुल सिन्हा उपस्थित थे।

## शिवलिंग का कराया गया नगर भ्रमण, आज होगी प्राण-प्रतिष्ठा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड नायक चौक देवी मंडप रोड स्थित सुर्यपुरी में भगवान शिव मंदिर में शिवलिंग का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार शाम को शिवलिंग का नगर भ्रमण कराया गया। मंदिर परिसर से ढोल बाजा के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरूष श्रद्धालु नगर भ्रमण में शामिल हुए। भ्रमण के दौरान नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति मय दिखा जय भोलेनाथ के जयकारा लगते हुए कॉलोनी भ्रमण कर भक्त वापस मंदिर पहुंचे। मंदिर में शिवलिंग की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इस दौरान आध्यात्मिक विकास की अनुभूति भक्तों को हुई, विश्वास व श्रद्धा की ऐसी धरा बही कि श्रद्धालु प्रभु के दर्शन पाकर निहाल हो उठे।

## खबर एक नजर में

### आदिवासी भाषाओं पर मंडरा रहा संकट : डॉ टोप्पो



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ ज्योति टोप्पो ने कहा कि यह हमारी संस्कृति और पहचान से जुड़ा है। मानव शास्त्र विभाग की डॉ मीना तिर्की ने कहा कि आज आदिवासी भाषाओं पर संकट मंडरा रहा है। इन भाषाओं को बचाने के लिए अपने घरों से ही पहल करने की आवश्यकता है। गोस्सनर कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि अमरदीप टोपनो ने कहा कि आदिवासियों की भाषाओं को बचाने के लिए सरकारी स्तर पर और कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। डॉक्टर योताम कल्लू ने कहा कि सिर्फ एक दिन भाषा संरक्षण को लेकर चिंतन करने से नहीं होगा बल्कि दैनिक जीवन में इसका निरंतर प्रयोग होना चाहिए। प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो ने झारखंड की भाषिक संपदा पर प्रकाश डाला। नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियुस मिंज ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर वर्षा शालिनी कुल्लू, प्रोफेसर फ्रांसिस मुर्मू, प्रोफेसर मीना सुरीन, प्रोफेसर आइजक कंडुलना, प्रोफेसर आशीष देमता, प्रोफेसर स्मृति बारला, प्रोफेसर जोलेन सोय, प्रोफेसर संजीव कुमार महतो, प्रोफेसर अमित कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे ।

### बीआइटी लालपुर में कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपुर सेंटर स्थित कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम पिक्सेल पिच एक रोमांचक पोस्टर प्रतियोगिता थी। वहीं, शर्त और ऋण दूसरी प्रतियोगिता थी। दोनो ही प्रतियोगिता बेहद ही मनोरंजक और ज्ञानवर्धक रहा। प्रतिभागियों ने अपनी पूरी कौशल का प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीतकर अपनी हुनर का परिचय दिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल संस्थान की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में अलग प्रकार की जो कला और आंतरिक कौशल होता है। वह आम छात्रों को उत्साहित करता है और पढ़ाई के प्रति भी जागरूक बनाता हैं । इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक डॉ अमृता प्रियम, डॉ पार्थ सारथी विष्णु, डॉ संजय कुमार, डॉ मानशी गुप्ता डॉ अमृता सरकार, सिद्दी कांत मिश्रा, डॉ आशुतोष मिश्र, शांतनु सिन्हा सहित आयोजन समिति के अनीश उद्दव, आरुणि वैद्य, सिद्धार्थ राज, सहित सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

### भाषा संस्कृति की वाहक : डॉ माई मुर्मू



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में संतालि विभाग के डॉ. डुमनी माई मुर्मू ने मातृभाषा दिवस मनाने के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा संस्कृति का वाहक होता है,अपने संस्कृति को बचाना है तो अपने भाषा को समृद्ध करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर कुड़मालि विभाग के डॉ. निताई चंद्र महतो ने विश्व मातृभाषा दिवस मनाने के पीछे इतिहास को बतलाते हुए कहा की इसकी शुरूआत बंगला देश से हुई है और मातृभाषा मानव के समुचित विकास का आधार होता है। नागपुरी के डॉ. यूगेश कुमार महतो ने गीत-स्वर के अंदाज में इसकी महत्वता को बतलाते हुए कहा कि यह किसी मनुष्य की पहचान होती है। वे अपने इस भाषा के माध्यम से ही हर दृष्टि से उनकी पहचान बनती है। कार्यक्रम में नागपुरी विभाग के डॉ. मनोज कुमार कच्छप ने मंच संचालन करते हुए मातृभाषा के महत्व हम सबको होने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन के रूप में कुड़ुख विभाग के डॉ. सीता कुमारी ने बतलाया कि मातृभाषा मां के समान होती है। इस अवसर पर विभाग के अन्य शिक्षक हो के दिलदार पूर्ती, कुड़ुख के शांति मेडम, मुंडारी के डॉ. दशमी ओड़ेया विभाग के शोधार्थी अशोक कुमार पुराण, राजेश कुमार महतो, संजय साहु, सलमा टुडू के अलावे विभाग के सैंकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भीखन गंझू विदेशी हथियार से करनेवाला था झारखंड में पकड़ मजबूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। एनआईए जांच में खुलासा हुआ है, कि टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू झारखंड में पकड़ और हिंसा फैलाने के लिए विदेशी हथियार और गोला बारूद खरीद रहा था। नागालैंड आर्म्स डील केस में मामले एनआईए ने केस संख्या आरसी-05/2019 दर्ज किया था। इस मामले में एनआईए ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिले का रहने वाला भीखन भी शामिल है। एनआईए ने इस मामले को लेकर आरोपी भीखन गंझू पर चार्जशीट दाखिल किया है।

**कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए खरीद रहा था हथियार :** एनआईए की जांच से पता चला है कि भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है। वह कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूलने का काम करता है। जांच से पता चला कि भीखन गंझू झारखंड में टीपीसी की पकड़ मजबूत करने, आतंक और हिंसा फैलाने के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीद रहा था। भीखन गंझू ने हथियारों की खरीद के लिए आरा के शाहपुर के रहने वाले संतोष कुमार से मध्यस्थता की थी। हथियारों की डील के बाद पटना के चंद्रविजय प्रताप उर्फ सुशील को पैसों का भुगतान किया गया था। एनआईए की पूर्व की चार्जशीट में जिक्र है कि हथियारों का जखीरा बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते बिहार और झारखंड के टीपीसी उग्रवादियों तक पहुंचाया गया था। नागालैंड के एन सांगथम को एनआईए हथियार तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड मानती है।

### कैसे सामने आया था मामला

7 फरवरी 2019 को बिहार के पूर्णिया में पुलिस ने एसयूवी गाड़ी जब्त की थी। मौके से पुलिस ने सूरज प्रसाद, वीरेंगनॉव कहोरनगम, क्लेरशन काबो को गिरफ्तार किया था। जांच में पुलिस को दो ग्रेनेड लॉचर, एक एके 47 रायफल, 5 .56 एमएम की 1800 राउंड गोली मिली थी। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर रांची के अरगोड़ा, लातेहार के नेतरहाट से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी। बाद में हथियार तस्करों के टीपीसी लिंक का खुलासा हुआ था।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना मातृभाषा दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय की आचार्या नमिता सिंह, सुतापा सन्याल और विमला कुमारी ने मातृभाषा दिवस पर अपने-अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिएं। इस अवसर पर मीना कुमारी, राकेश पाण्डेय, शुभश्री तिवारी, कुमरेंद झा, रमाशंकर सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मध्यस्थता केंद्र में पति-पत्नी का विवाद सुलझा

**रांची।** मध्यस्थ अधिवक्ता गोकुल चंद्र के प्रयास से पति-पत्नी को एक साथ रहने पर राजी कर लिया गया। आजाद बस्ती रांची निवासी रुबीना खातून और हजारीबाग निवासी पति सगीर अहमद मामूली विवाद को लेकर एक दूसरे से अलग रह रहे थे। दहेज प्रताड़ना को लेकर पत्नी रुबीना ने कोर्ट में शिकायत बाद दर्ज कराई। उक्त शिकायत बाद मुकदमा से राहत पाने के लिए आरोपी पति सगीर अहमद ने प्रधान न्यायायुक्त की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर किया। उक्त जमानत याचिका में दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद कोर्ट ने मामले को मध्यस्थता केंद्र में भेजा। इस मामले में विचार विमर्श करने के लिए मध्यस्थ गोकुल चंद के पास भेजा। गोकुलचंद ने इस मामले में लगातार 7 महीने से कई बैठक की।

# अभिषेक श्रीवास्तव की वजह से टीपीसी को कोयलांचल से लेवी मिलना हो गया था बंद

## दहशत फैलाने के लिए की गयी हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अभिषेक श्रीवास्तव की वजह से टीपीसी को कोयलांचल (पिपरवार, खलारी) में अन्य कोयला कारोबारियों से लेवी मिलना बंद होने के बाद नक्सलियों ने उसकी हत्या कर दी थी। जेल में बंद टीपीसी कमांडर भीखन गंझू ने इरफान अंसारी के माध्यम से अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या की साजिश रची थी। बीते दिनो पुलिस ने भीखन गंझू को रिमांड पर लिया था और इरफान अंसारी के आमने सामने बैठाकर पूछताछ की थी।

### अभिषेक श्रीवास्तव ने लेवी देने से किया था इनकार

अभिषेक श्रीवास्तव ने पिपरवार में रैक लोडिंग का काम लिया था। रैक लोडिंग करने का काम अभिषेक ने टीपीसी से जुड़े लोगों को दिया था। लेकिन अभिषेक श्रीवास्तव ने टीपीसी को लेवी देना बंद कर दिया। जिसकी वजह से टीपीसी ने अपने लोगों को रैक लोडिंग करने से मना कर दिया। इसके बाद अभिषेक श्रीवास्तव दूसरे से रैक लोडिंग कराने लगा। इसी दौरान अभिषेक श्रीवास्तव ने खलारी क्षेत्र में कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम भी ले लिया। उसने टीपीसी को लेवी देने से इनकार कर दिया. इतना ही नहीं अभिषेक को देखकर पिपरवार और खलारी में बाकी कोयला कारोबारियों ने भी टीपीसी को लेवी देना बंद कर दिया।

### दहशत पैदा करने के लिए की गयी थी अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या

टीपीसी को जब अन्य कोयला कारोबारी ने लेवी देना बंद कर दिया तो जेल बंद भीखन ने इरफान के माध्यम से हत्या की साजिश रची। जानकारी के मुताबिक, टीपीसी उग्रवादियों ने पहले अभिषेक श्रीवास्तव का रैक लोडिंग का काम करने वाले की हत्या की योजना बनायी थी। लेकिन फिर प्लान बदल दिया गया। टीपीसी उग्रवादियों ने अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या की योजना बनायी, ताकि लोगों में दहशत पैदा हो सके और सभी कारोबारी भय से लेवी देना शुरू कर दें। इस घटना को अंजाम देने के लिए टीपीसी उग्रवादियों ने अभिषेक श्रीवास्तव की रेकी भी की थी।

### चार जनवरी को हुई थी अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या

राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम पिर्रा निवासी अभिषेक श्रीवास्तव पिपरवार, मगध और पुरनाडीह साइडिंग में कोयला लिफ्टिंग का कारोबार करते थे। अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या चार जनवरी को की गयी थी। उस दिन वे सुबह 10 बजकर 15 मिनट में रांची जाने की बात कह कर घर से निकले थे। उनका घर रिंग रोड से आधा किमी दूर है। करीब 10:30 बजे वे रिंग रोड की ओर जा रहे थे। तभी सामने से महाराष्ट्र नंबर वाली सफेद रंग की स्कार्पियो कार आयी। मंकी कैप पहने दो अपराधी गाड़ी से निकले और दो अपराधी कार में ही बैठे थे। अपराधियों ने अभिषेक श्रीवास्तव की फॉर्च्यूनर कार पर सामने से ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली मारने के बाद अपराधी स्कॉर्पियो पर सवार होकर भाग गये। घायल अभिषेक को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए : डॉ हरि उरांव



**रांची।** हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। ये बातें बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उराँव ने कही। उन्होंने कहा कि मातृभाषा को बचाने के लिए हमें अपनी संस्कृति को बचाना होगा, जिस समाज के मातृभाषा का विकास नहीं हुआ, वह समाज और क्षेत्र विपुल संसाधनों के बावजूद भी कभी विकास नहीं कर पाया। वहीं जिस समाज ने जिस क्षेत्र ने अपनी मातृभाषा को संरक्षित व संवर्धित कर मान सम्मान दिया, वह आज विकास की राह पर उत्तरोत्तर बढ़ता ही जा रहा है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिये। मौके पर डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि कहा कि विकास की प्रथम सीढ़ी हमारी मातृभाषा है। हमारे रहने के लिए, हमारे अस्तित्व के लिए मातृभाषा नितांत आवश्यक है। यह जीवन का अनिवार्य तत्व है। डॉ किशोर सुरीन ने कहा कि भाषा अपने समाज की प्रतिबिंब होती है, यदि वह संरक्षित व सुरक्षित नहीं रहेगी तो प्रतिबिम्ब की कल्पना नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम को डॉ रीझू नायक, मुण्डारी विभाग के विभागाध्यक्ष मनय मुण्डा, संताली विभाग के प्रेम मुर्मू व तारकेश्वर मुण्डा ने भी संबोधित किया। संचालन प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ बंदे खलखो ने किया।

### जेएसएससी अध्यक्ष का इस्तीफा छात्रों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास : ओम वर्मा

**रांची।** जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा के इस्तीफे पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि आजसू ने चरणबद्ध आंदोलन कर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने और जेएसएससी के अध्यक्ष की इस्तीफे की मांग की थी। आज जब छात्र आंदोलन कर रहे हैं और विभाग शक के दायरे में है, तब जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा का व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर पद से इस्तीफा देना राज्य सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करानी होगी ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और छात्रों के साथ न्याय हो।

अन्य खबरों के लिए पेज 9 भी देखें

## साइकिल टूर कर मिजोरम से पहुंचे वी. वर्ते दे रहे पर्यावरण संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** वी. वर्ते साइकिल से संदेश लेकर देश भर के दौरे पर निकले हैं। मिजोरम प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा प्रायोजित राइड टू क्लीन एयर का संदेश लेकर निकले हैं। वी. वर्ते मिजोरम से चले हैं और साइकिल से त्रिपुरा, असम, बिहार होते हुए झारखंड पहुंचे हैं। यहां देवघर, धनबाद, रांची, जमशेदपुर में उनका प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री वर्ते भारत सरकार के प्रोग्राम 'मिशन लाइफ लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरमेंट' के तहत जन जागरूकता को लेकर संपूर्ण भारत के साइकिल टूर पर निकले हैं। रांची पहुंचे श्री वर्ते का झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंता सहित अन्य अधिकारियों कुमार गौरव जैन, आशुतोष, राहुल कुमार तथा रोहित कुमार ने स्वागत किया और गुलदस्ता और पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। अगले दिन सुबह रांची में शशिकर सामंता ने श्री वर्ते की साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में पर्षद के पदाधिकारी और कर्मचारी तथा एनएसएस के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। धुर्वा पर्षद मुख्यालय से रैली शुरू हुई और डोरंडा स्थित पलाश सभागार पहुंची। इस मौके पर शशिकर सामंता ने मिशन लाइफ पर प्रकाश डाला तथा पर्यावरण संरक्षण व स्वस्थ जीवन शैली को लेकर लोगों से इसे अपनाने की आग्रह किया। साथ ही इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उन्होंने मिशन लाइफ पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष एवं संयोजन रोशनी सिंह द्वारा किया गया। बता दें कि श्री वर्ते 25 जनवरी को मिजोरम से चले और 2100 किमी की दूरी तय कर 15 फरवरी को देवघर और 16 को धनबाद पहुंचे। उसके बाद 18 फरवरी को रांची, 20 फरवरी को जशेदपुर और अगले दिन बुधवार को ओड़िशा के लिए रवाना हो गये। जहां-जहां श्री वर्ते रूके वहां-वहां पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कर्मियों ने स्वागत किया।

# विकसित भारत की बात

फिस्कल प्रूडेंस के रास्ते पर चलते हुए, सरकार की ओर से बार-बार कहा गया कि वह वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी तक कम करना चाहती है। अंतरिम बजट के दौरान, फाइनेंस मिनिस्टर सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को लेकर बड़ी जानकारी दी। सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी के पिछले लक्ष्य से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2025 के लिए ये लक्ष्य जीडीपी का 5.1 फीसदी निर्धारित किया गया है। फाइनेंशियल ईयर 2025 के लिए शुद्ध उधारी 11.75 लाख करोड़ रुपये देखने को मिली है जबकि केंद्र की सकल उधारी 14.13 लाख करोड़ रुपये देखी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए रक्षा क्षेत्र में आवंटन को 4 फीसदी बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। ये वित्त वर्ष 2024 के बजटीय अनुमान 5.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि टैक्स ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या अप्रत्यक्ष। हालांकि, सॉवरेन वेल्थ फंड और पेंशन फंड में किए गए निवेश को एक और साल के लिए टैक्स फ्री कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2025 में कुल राजस्व प्राप्ति अब 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो वित्त वर्ष 2024 में 26.99 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए पूंजीगत व्यय परिव्यय का बजट 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 3.4 फीसदी कर दिया गया है। पिछले चार साल में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। यह बजट देश के हर वर्ग को प्रभावित करता है।

# दो करोड़ आवास

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इससे किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी, चॉल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को अपना मकान खरीदने या बनाने में मदद मिलेगी। मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए रूफटॉप सोलर एनर्जी को लेकर भी बड़ी घोषणा की। सर्वोदय इससे मध्यम वर्ग को हर साल बिजली में खर्च होने वाली बड़ी राशि बचाने में मदद मिलेगी। सरकार ने साथ ही पीएम-आवास के लिए भी आवंटन बढ़ा दिया है। सरकार और दो करोड़ आवास बनायेगी। सरकार किराए के घरों, झुग्गियों, चॉलों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के योग्य वर्गों को अपना घर खरीदने या बनाने में मदद करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) का कार्यान्वयन जारी रहा और हम तीन करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। इससे उत्पन्न होने वाली आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे।' अंतरिम बजट में आवास को बढ़ावा देना बाजार के नजरिए से एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, क्योंकि इससे सीमेंट, स्टील और सभी निर्माण संबंधित क्षेत्रों को फायदा होगा। जैसा कि अनुमान था, अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई, लेकिन इसने देश भर में बुनियादी ढांचे के उन्नयन और कनेक्टिविटी के निर्माण पर अपना ध्यान जारी रखा। इससे न केवल शीर्ष शहरों में बल्कि देश भर के टियर 2 और 3 शहरों में रियल एस्टेट वृद्धि को लाभ होगा।आसान पुनर्विकास के लिए झुग्गियों जैसे अतिक्रमण क्षेत्रों को मुक्त करने की संभावना है। आवास का आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है।

# प्रभावी पहल का इंतजार





**- विकास सक्सेना**

> आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे।

**बीते** कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है।

आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा। उसने बहादुरी से पाकिस्तानी सेना और कबाइलियों को कश्मीर से बाहर धकेल दिया। हालांकि महाराजा हरीसिंह ने बिना शर्त पूरे कश्मीर का भारत में विलय कर दिया था लेकिन इसे रणनीतिक चूक और नासमझी कहा जाए या अपनी छवि चमकाने की कवायद कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इस मामले के संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए सामरिक बढ़त के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कराए बिना संघर्ष विराम पर सहमति जता दी गई। नतीजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग एक लाख 26हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है। इसमें मीरपुर मुजफ्फराबाद (जम्मू और कश्मीर) का 14हजार वर्ग किलोमीटर, गिलगित बाल्टिस्तान (लद्दाख) का लगभग 75हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। गिलगित बाल्टिस्तान की शक्सगाम घाटी जिसका क्षेत्रफल लगभग 5600 वर्ग किलोमीटर है को पाकिस्तान ने मार्च 1963 में चीन को उपहार में दे दिया। इसके अलावा 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद से लद्दाख के लगभग 37 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर चीन ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसे अक्साई चीन कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सरकार ने 22 फरवरी 1994 को संसद में एकमत से संकल्प पारित किया कि विदेशी कब्जे वाले जम्मू- कश्मीर क्षेत्र को वापस लेने के लिए भारत हर संभव प्रयास करेगा। लेकिन संसद में दिसम्बर 2019 में नागरिकता संशोधन कानून पर चर्चा के दौरान हैरानी तो तब हुई जब कई विपक्षी सांसदों ने भारत की सीमा अफगानिस्तान से न लगने की बात कही। या तो उन्हें भारत की भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं थी या वे पाकिस्तान और चीन के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्र को भूल चुके हैं।

## महाशिवरात्रि

### बन रहे दुर्लभ संयोग

**महाशिवरात्रि** पर्व को शिव-पार्वती विवाह की तिथि के रूप में मनाया जाता है, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि शिव-पार्वती का विवाह फाल्गुन फरवरी-मार्च मास में नहीं बल्कि मार्गशीर्ष माह नवंबर-दिसंबर में हुआ था। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंञ्जय तिवारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पहली बार लिंग रूप में प्रकट हुए थे। वैसे कुछ अन्य विद्वानों का मानना है कि शिवलिंग में शिव और पार्वती दोनों समाहित हैं। दोनों ही एक साथ पहली बार इस स्वरूप में प्रकट हुए थे, इस कारण महाशिवरात्रि को भी शिव-पार्वती विवाह की तिथि के रूप में मनाया जाता है। शिवमहापुराण के रुद्रसंहिता के अनुसार शिव-पार्वती के विवाह की तिथि मार्गशीर्ष माह (अगहन मास) के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को आता है। वहीं, ईशान संहिता में वर्णन है कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान लिंग रूप में प्रकट हुए थे। इसी को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है।

**माघकृष्ण चतुर्दश्यामादिदेवो महानिशिशिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभ॥ (ईशान संहिता)**

शिव पुराणः शिव विवाह की तिथि मार्गशीर्ष में शिवपुराण के 35 वें अध्याय में रुद्र संहिता के अनुसार महर्षि वशिष्ठ ने राजा हिमालय को भगवान शिव और पार्वती विवाह के लिए समझाते हुए विवाह का मुहूर्त मार्गशीर्ष माह में होना तय किया था। जिसके बारे में इस संहिता ग्रंथ के 58 से 61 वें श्लोक में बताया गया है। शिवरात्रि पर विशेष संयोग : भारतीय पंचांग के अनुसार महीने के कृष्ण पक्ष की चौदस जो शिवरात्रि का दिन है इस बार 8 मार्च शुक्रवार को सर्वार्थ सिद्धि योग पड़ने से ये दिन सर्वाधिक शुभ संयोग वाला है। जिससे शिव पूजा का महत्व और बढ़ जाएगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शिव योग सिद्ध योग श्रवण नक्षत्र का अद्भुत संयोग रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग के दौरान किए गए सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। ऐसे में इस शुभ समय शिवरात्रि मनाई जा रही है, इस बार शिव भक्तों को दोगुना फल मिलेगा। शिव योगशिव योग में ध्यान और मंत्र जाप करना शुभ माना जाता है, इस शुभ समय पर भोलेनाथ की पूजा करने उनकी कृपा प्राप्त होती है।

# सेवा से ज्ञान

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सेवा** से ज्ञान होता है। सेवा में किसी प्रकार की शंका करें तो फिर बुद्धि भ्रमित हो जाएगी। बुद्धि का दो रुप होता है संसयात्मक और निश्चयात्मक। निश्चयात्मक बुद्धि ज्ञान का होता है और संशयात्मक बुद्धि अज्ञान का होता है उल्टा कर देता है। इसलिये कभी भी जो सेवा मिले उसमें पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा की जाती है तब वह सेवा ज्ञान की ओर ले जाती है। जहां उसमें इस प्रकार की बुद्धि लगाना प्रारंभ किये कि यह सेवा ठीक है नहीं है मुझे इसका लाभ हो, नहीं होगा- वह बुद्धि संशयात्मक होती है। गरुड़ जी मनुष्य थे और कागभुशण्डिजी भी मनुष्य थे। कभी भी इस तरह की नासमझी नहीं रखनी चाहिए कि वे चिड़िया थे। मनुष्यों का भी गुण स्वभाव के अनुसार नामाकरण चिड़िया का,पशु का कर दिया जाता है। कभी भी ये समझना चाहिए कि वे मनुष्य थे जामवंतजी मनुष्य थे। जामवंतजी भालू नहीं थे। अगर वे भालू होते तो उनकी लड़की की शादी द्वापरकाल में कृष्णजी से नहीं हुई होती। क्या उनकी शादी भलूनी से हुई थी। जामवंती के पुत्र साम्ब थे और उसकी शादी दुर्योधन के पुत्र लक्ष्मण से हुई थी ये सब मनुष्य थे।

जो सेवा हमें मिल गयी उसकी सेवा में हमें ज्ञान मिल जाता है, अन्यत्र नहीं मिलता है। प्रकृति का मतलब यह होता है कि इसके हर कण में भगवान हैं। यह बोला जाता है तो लोग नहीं बूझते हैं कि यही प्रत्येक कण भगवान है। हर कण भगवान नहीं हैं। बल्कि इसका मतलब है कि एक कण की जहां हमें सेवा मिले वही से ज्ञान होगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

**–अवधेशानंद गिरी, जूना आखड़ा**

## सोशल मीडिया

छात्रवृत्ति में दो से तीन गुना वृद्धि की गई। यहां के किसान, श्रमिक और गरीब के प्रतिभाशाली बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा का अवसर दिया गया। गांव के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय शुरू किया गया है।

**– चंपई सोरेन**





आज जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्रबुद्ध सम्मलेन में प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मोदी जी के कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों और भावी भारत के निर्माण की उनकी योजनाओं पर संवाद किया।

**– अमित शाह**

# राजनीतिक दलों के बाजीगर और चुनावी शतरंज



**ललित गर्ग**

**2024** के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं।

राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज



के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है।

शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरूआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को ह्यभारत रत्नह्व सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है। शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है।

## कॉटून वर्ल्ड

नये युग का बरताव ...




साभार कॉटूर्न मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! **– मीरा गौतम, रांची**

### जनता की नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

**– राममूरत सिंह, हजारीबाग**

# स्मति शेष : बहुत याद आयेंगे अमीन सयानी

**संजय तिवारी**

**विश्व** में हिंदी के लोकप्रिय रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी अब नहीं रहे। अपनी आवाज में यादों का सागर छोड़ कर उन्होंने विदा ले ली है। उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसिद्धि और लोकप्रियता हासिल की जब उन्होंने रेडियो सीलोन के प्रसारण पर अपने बिनाका गीतमाला कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। वह आज भी सर्वाधिक अनुकरणीय उद्घोषकों में से एक थे। पारंपरिक ₹भाइयों और बहनों₹ के विपरीत भीड़ को ₹बहनों और भाइयों₹ के साथ संबोधित करने की उनकी शैली को अभी भी एक मधुर स्पर्श के साथ एक घोषणा के रूप में माना जाता है। अमीन सयानी वस्तुत हिंदी भाषा के लिए एक ऐसी अमूल्य निधि हैं जिनको सदैव याद किया जायेगा।

हिंदी में आवाज के इस जादूगर ने 1951 से अब तक 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या भाषण) किया है। अमीन सयानी को उनके भाई हामिद सयानी ने ऑल इंडिया रेडियो , बॉम्बे से परिचित कराया था। अमीन ने वहां दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में भाग लिया। बाद में, उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में मदद की। सयानी वर्षों तक भूत बंगला , टीन डेवियन ,बॉक्सर और कत्ल जैसी विभिन्न फिल्मों का भी हिस्सा रहे ।इन सभी फिल्मों में वह किसी न किसी कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में नजर आये।

**(21 दिसंबर 1932 - 20 फरवरी 2024)**



अमीन सयानी ने महात्मा गांधी के निर्देशों के तहत नव-साक्षरों के लिए एक पाक्षिक पत्रिका के संपादन, प्रकाशन और मुद्रण में अपनी मां कुलसुम सयानी की सहायता की । पाक्षिक, रहबर (1940 से 1960), एक साथ देवनागरी (हिंदी), उर्दू और गुजराती लिपियों में प्रकाशित हुआ था - लेकिन सभी गांधी द्वारा प्रचारित सरल हिंदुस्तानी भाषा में। यह सरल संचार का आधार था जिसने उन्हें व्यावसायिक प्रसारण के अपने लंबे करियर में मदद की और 2007 में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदी भवन द्वारा उन्हें हिंदी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उनके बारे में एक कम ज्ञात तथ्य यह है कि उन्होंने 1960-62 के दौरान टाटा ऑयल मिल्स लिमिटेड के विपणन विभाग में ब्रांड एक्जीक्यूटिव के रूप में काम किया था - मुख्य रूप से उनके टॉयलेट साबुनः हमाम और जय की देखभाल करते थे। ऑल इंडिया रेडियो (1951 से), आकाशवाणी की वाणिज्यिक सेवा (1970 से) और विभिन्न विदेशी स्टेशनों (1976 से) के बीच, सयानी ने 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या उनके लिए भाषण) किया है। (यह तथ्य लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है )।

**कुछ बेहतर ज्ञात रेडियो शो :** सिबाका (पूर्व में बिनाका ) गीतमाला : 1952 से प्रसारण - मुख्य रूप से रेडियो सीलोन पर , और बाद में विविध भारती (एआईआर) पर - कुल 42 वर्षों से अधिक समय तक। 4 साल के अंतराल के बाद इसे फिर से पुनर्जीवित किया गया, और 2 साल के लिए कोलगेट सिबाका गीतमाला के रूप में विविध भारती के राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया गया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### चंपई सोरेन से मिले मुकेश राउत



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सह झामुमो के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी मुकेश राउत ने हजारीबाग में झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। मुकेश राउत सीएम चंपाई सोरेन को बुके देकर स्वागत किया। राउत ने कहा कि निश्चित तौर पर सोरेन के कार्यकाल में झारखंड सरकार के द्वारा जनता के हित में अधिक से अधिक कार्य किए जाएंगे। इस सरकार में सभी झारखंडवासियों के हित में कार्य किया जायगा। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना कराने का निर्णय झारखंड के विकास के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा। जिसका लाभ सीधे तौर पर झारखंडवासियों को मिलेगा। चंपई सोरेन ने कहा कि बचे हुए इस 10 महीने के कार्यकाल में यह सरकार कई नई योजनाओं पर काम करने जा रही है जिससे झारखंड की जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा की अबुआ आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराया जा रहा है। इससे लोगों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। चंपई सोरेन ने कहा की बहुत जल्द हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहर होंगे और फिर से झारखंड विकाश की नई दिशा लिखने को तैयार होंगे। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन विकाश की जो नई लकीर खींची है, इसका परिणाम आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

### ट्रांसपोर्टरों का आंदोलन स्थगित



भुरकुंडा (रामगढ़)। तेरह सूत्री मांगो को लेकर मंगलवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में तय किया गया की हाई पावर कमेटी का फैसला एवं आरए माइनिंग से निकाले गए पांच मजदूरों को पुनः रखने के सवाल पर दस दिन का समय लिया गया है। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में भी बैठक कर रूपरेखा बनाने की बात प्रबंधन द्वारा कही गई। प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद यूनियन ने 22 फरवरी को आहुत ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन स्थगित कर दिया। वार्ता में महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक अजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर सिविल आरके प्रधान, पीओ उरीमरी दिलीप कुमार, बिरसा एसओएम बीरेंद्र सिंह, एरिया मेडिकल ऑफिसर उपस्थित थें। वहीं यूनियन के ओर से महासचिव सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, गुरुदयाल ठाकुर, विश्वरंजन सिन्हा, व्यास पांडेय, विकाश कांत सिन्हा, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, बिनोद कुमार, बलराज, बिनोद कुमार सिंह, अनिल राम, शंकर प्रसाद, मो. जशीम, शिवनंदन दास, कमल सिंह, विक्रांत साहू, मनोज करमाली आदि मौजूद थे।

### जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक



रामगढ़। जिला समाहरणालय सभागार में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चैधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों पर चर्चा की गई। जिसके उपरांत सांसद के द्वारा मिशन अमृत सरोवर एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग .अलग पंचायतों में बनाए गए खेल मैदाने की जानकारी ली गई। सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने शत .प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग .अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया।

### शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में व्याख्यान

रजरप्पा।डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में रिसर्च सेल एंड आईक्यूएसी के तत्ववाधान तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन डॉ. चेतलाल प्रसाद , महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत गीत प्रशिक्षुओं में स्नेहा, ज्योति, मुस्कान, सिमरन, पूनम के द्वारा गाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश व्याख्याता राजेश महतो के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा आईसीटी की संपूर्ण जानकारी जैसे कंप्यूटर ज्ञान, शिक्षकों की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा में आईसीटी का प्रयोग, डिजिटल युग संबंधी बातों पर चर्चा किया एवं प्रशिक्षुओं से प्रश्नोत्तरी का जवाब दिया। प्रश्न पूछने वाले प्रशिक्षुओं में यादव अजित कुमार, अमित कुमार रॉय, पंकज कुमार, रश्मि, शांता, आनंद कुमार गुप्ता, सुभानु प्रसाद, पूजा कुमारी, चांदनी, अशोक करमाली इत्यादि रहे। आयोजक बाबुचंद प्रसाद के अथक प्रयास एवं मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

# भुरकुंडा सीएचपी में युवक से छीना मोबाइल और 500 रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ युवक को किया घायल, पुलिस पांच लोगों से कर रही पूछताछ**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी के सीएचपी मार्ग में पिछले एक सप्ताह में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने तीन बार छिनतई की। भुरकुंडा पुलिस पांच लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। बताते चलें कि मंगलवार की रात्रि करीब साढे आठ बजे न्यू बैरक निवासी मनीष राजभर रीवर साइड से अपने घर आ रहा था। इसी क्रम में सीएचपी मार्ग में बाइक सवार दो अपराधी मनीष को हथियार का भय दिखाकर मारपीट करते हुये 500 रुपए नकदी सहित मोबाइल छिनकर भाग निकले। घटना के बाद घायल मनीष भुरकुंडा थाना में मारपीट और छिनतई का मामला दर्ज कराया। दर्ज मामला में उसने कहा है कि दो नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर उनके मेरे साथ मारपीट करते हुये मोबाइल और पैसा छिनकर फरार हो गयें। मनीष ने भागते हुये अपराधियों



के बाइक का नंबर 2925 देख लिया। इधर पिछले 16 फरवरी की रात्रि भी अपराधियों ने जवाहरनगर निवासी उपेंद्र शर्मा से हथियार का भय दिखाकर नगद और मोबाइल की छिनतई की थी। वहीं एक दिन पुर्व एक सीसीएलकर्मी के साथ भी सीएचपी में ही नगद छिनतई की गई थी। सीएचपी में छिनतई की घटना को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी करते हुये पांच युवको को हिरासत में लिया है। साथ ही पांचों से पुछताछ कर रही है। इधर पुलिस मामले को लेकर कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

# बरही विस क्षेत्र में होगा बदलाव : अरुण साहू

**तिलेश्वर साहू सेना की बैठक में संगठन मजबूती को ले हुयी चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना की प्रखंड स्तरीय कमिटी की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के विधायक प्रत्याशी अरूण साहू शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व संचालन बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार, बरही विधानसभा के प्रत्येक गांवों में कार्यक्रम, संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, जनता की समस्याओं का समाधान हेतु कार्य एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने कहा कि पूरा बरही विधानसभा अभी बदलाव के पक्ष में है और सभी हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। हमें उनके भरोसे को बरकरार रखना है। इसके लिए हमें पूरे विधानसभा में जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़कर कार्य करना होगा ताकि हम उनके सपनों को साकार करने में सक्षम हो सकें। बैठक में प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, समसुद्दीन अंसारी, चमारी ठाकुर, करसो पंचायत अध्यक्ष प्रभु भुइयां, धनवार पंचायत प्रभारी शौकत अंसारी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बदनाम करने की हो रही है कोशिश : प्रशांत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा पंचायत के वाट्सअप ग्रुप में मैसेज कर उपमुखिया प्रशांत कुमार पर स्थानीय व्यक्ति से पैसा लेकर काम करने का आरोप लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत उपमुखिया प्रशांत कुमार ने रामगढ़ डीसी व पतरातू बीडीओ को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में उपमुखिया प्रशांत कुमार ने पैसे लेकर काम करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुखिया ने मुझपर जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह निराधार व बेबुनियाद है। उन्होंने कहा है की मेरी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर मुखिया तथा उनके पति के द्वारा मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। पंचायत में मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डहरभंगा पंचायत सचिवालय में लगा वृद्धा पेंशन कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टाटीझरिया।** झारखंड राज्य मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निदेर्शानुसार पंचायतो में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभान्वित योजना 50 वर्ष के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति महिलाए को दिया जाना है और अत्यंत पिछड़ा जाति, सामान्य जाति वर्ग के 60 वर्षीय महिला पुरुष लाभुकों का 21 फरवरी 2024 को आवेदन जमा लिया गया। जिसे लेकर टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत में कर्मियों को प्रतिनियुक्ति कर शिविर लगाया गया। डहरभंगा पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत कि स्थानीय मुखिया रेखा देवी पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे तथा बीएलओ की उपस्थिति में 84 आवेदन जमा लिया गया। शिविर में लाभुको ने स्थानीय मुखिया रेखा देवी और पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे के हाथों में आवेदन दिया। शिविर में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत के वार्ड सदस्य, पसंस, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव समेत अन्य कई समाज सेवी जुटे थे।

### बरही आइलेक्स पब्लिक स्कूल में लगा कराटे प्रशिक्षण शिविर



**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में कराटे ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण कैंप लगा। छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। बेहतर करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक सिहान उदय ने कहा कि संस्थान के निदेशक शैलेश कुमार इतने ऊर्जावान है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चो में भी ऊर्जा देखने को मिलती है। उन्होंने मैनेजर सुषमा भारती का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्कूल के कराटे शिक्षिका प्रिया कुमारी का प्रशंसा की।

# रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिला अंतर्गत रांची रोड मरार बरवांटाड़ स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में 19 फरवरी से प्रारंभ हुए 5 दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। यज्ञाचार्य विकास पांडेय व उनके सहयोगी ब्राह्मणों की टोली के मुखारविंद से निकल रहे मंत्रोच्चारण का आनंद धर्म प्रेमी ले रहे हैं। एक ओर जहां ब्राह्मणों की टोली द्वारा अनवरत मंत्रोंच्चारण व पूजा पाठ किया जा रहा है।वहीं धर्म प्रेमी महिला पुरुष व बच्चें स्नान कर व स्वच्छ वस्त्र धारण कर भक्ति मुद्रा में यज्ञ स्थल पहुंचकर परिक्रमा व पूजा पाठ करने में लगे हैं।इस महायज्ञ को संपन्न कराने में यज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा व उनकी पूरी टीम पूरी तन्मयता से लगे हैं। महायज्ञ के दूसरे दिन 20 फरवरी को प्रातः वेद पाठ, बेदी पूजन, मंडप पूजन, अरणीमंथन, अग्नि स्थापन, हवन, अन्नाधिवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, आरती पुष्पांजलि के पश्चात रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के तीसरे दिन प्रातः वेद पाठ वेदी पूजन मंडप पूजन हवन फलाधिवास,धूपाधिवास, मिष्ठानाधिवास सहित विविध अधिवास स्नापन ,नगर भ्रमण, सय्याधिवास, आरती, पुष्पांजलि के बाद रात्रि में कथा वाचन होगा। यज्ञ के चौथे दिन प्रातः वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, षोडशोपचार पूजन,हवन, आरती पुष्पांजलि व कथा वाचन तथा महायज्ञ के अंतिम दिन 23 फरवरी को अन्य दिनों की तरह धार्मिक कर्मकांड के पश्चात हवन, पूणार्हुति आरती पुष्पांजलि के बाद प्रसाद वितरण व भव्य भंडारा प्रारंभ होगा। महायज्ञ संपन्न कराने को लेकर महायज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, लोचन प्रसाद सचिव रोहित करमाली, सह सचिव महावीर रजवार, कोषाध्यक्ष रामू रजवार, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार बेदिया, संजय रजवार, श्याम सुंदर, मनोज रजवार, गोविंद रजवार, शंकर सोनी, दिनेश करमाली, राजेश करमाली, मनोज साव, आनंद, अजय यादव, अविनाश उपाध्याय, पवन साव, अभिषेक साव, नंदकिशोर राम, कपिल, जयकृष्ण बेदिया, महावीर करमाली, कौलेश्वर रजवार आदि जुटे हैं।

### जनता मजदूर संघ का वनभोज आयोजित

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के आरा कोलियरी के नेहरू पार्क में जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय समिति का वनभोज सह मिलन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। समारोह में सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सह संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद, करमा पीओ पवन कुमार, खान मैनेजर संजय सिंह, सीसीएल अधिकारी अभिज्ञान कुमार शामिल हुए। संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद ने कहा कि जनता मजदूर संघ सबसे बड़ा संघ है। हमारा संघ कार्यकर्ताओं के लिए हर वक्त सुख व दुख में खड़ा है। संगठन के केंद्रीय सचिव होने के नाते आप सबों की हर समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाया वनभोज का लुत्फ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ धर्म व झूठ की बुनियाद पर सत्ता पर बैठी है भाजपा : आशीष सहाय**

**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चंदावा टोंगरी में बीएलए बनाने को लेकर कांग्रेस का प्रखंडस्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता मे बैठक हुई। इस मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने कहा कि भाजपा धर्म व झूठ की बुनियाद पर आज दस वर्षो से सत्ता पर बैठी है। कांग्रेस का काम धर्म की राजनीति नही। बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द व जनहित राजनीति करती है। उन्होने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करना नही। बल्कि लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के मुंह में राम राम है और दिल में नाथू राम है। उन्होने प्रखंड व पंचायत अध्यक्ष व सचिव को प्रखंड में बूथ मैनेजमेंट को दुरुस्त करने व बीएलए के गठन कर चयनित सूची को शीघ्र जिला कांग्रेस कार्यालय में उपलब्ध कराने की बात कही। इधर ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु देवी ने कहा कि भाजपा के काल में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमे सत्ता परिवर्तन कर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। कार्यक्रम में जिला महिला अध्यक्षा बेबी देवी, संगीता देवी, जिला महासचिव असगरी अंजुम, डांटो



मुखिया कुवांरी बखला, प्रवक्ता निसार खान, राजकिशोर सिंह, विनोद कुशवाहा, मनोज मोदी, प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव,इंद्रदेव यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व विभिन्न पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

## एक नजर में

### यज्ञ में शामिल हुए मनीश जायसवाल



हजारीबाग। शहर के जयप्रभा नगर कॉलोनी में आयोजित माता संतोषी प्राण-प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल स्थानीय श्रद्धालुओं संग शामिल हुए और भक्तिभाव में लीन मुहल्ले वासियों के साथ नगर भ्रमण में साथ रहे। यहां यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल का बड़ा ही आत्मिय स्वागत फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। नगर भ्रमण में नर- नारी के साथ बच्चे और मासूम भी आस्था में लीन दिखे । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की यज्ञ जैसे सत्प्रयोजन समाज को जहां संगठित करता है वहीं धार्मिक और आध्यात्मिक मनोभाव का भी लोगों में सकारात्मक संचार होता है। मौके पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, अखौरी ब्रजेश सहाय, भाजयुमो नेता आशीष गुप्ता सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### आरोग्यम अस्पताल में लगा मोतियाबिंद शिविर



**हजारीबाग।** जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लोगों को अपनी सुविधा परिपूर्ण उपलब्ध करा रहा है, इसी बीच आंखों की इलाज से जूझ रहे मरीजों के लिए आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में विभिन्न लगाया जा रहा है इसी शिविर के बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10 :00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 :00 बजे तक चला। यह शिविर नि :शुल्क थी, इस बीच 100 से भी अधिक मरीज का इलाज किया गया जिसमें कई बुजुर्ग मरीज शामिल थे। आगे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से सभी का इलाज किया जाएगा। रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक कुमार के द्वारा सभी का इलाज किया गया। डॉ विवेक कुमार पिछले कई दिनों से हजारीबाग जिलेवासियों की सेवा में तत्पर है। मौके पर आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता की देखभाल तथा सुनिश्चित स्वास्थ्य लाभ देने के लिए अस्पताल तत्पर हैं। पिछले कई महीनो से लगातार ग्रामीण इलाकों में आंखों का जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से भी अधिक मरीजों ने लाभ लिया यह शिविर आगे भी निरंतर रूप से लगाया जाएगा। मौके पर डॉ विवेक कुमार के टीम के साथ न. टेकनियान विकास कुमार, निशा कुमारी, नार्शिंग स्टाफ रुखसाना,सुमन,गणेश कुमार, ललीता कुमारी, राजिब फैर्जा, मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग में ब्रह्मर्षि समाज का वनभोज आज



**हजारीबाग।** राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सहित देश में संगठित किसान आंदोलन के जनक एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती की 135 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा उनकी जयंती को समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इसे लेकर संस्थान द्वारा तैयारी पुरी कर ली गई है। जिले भर के ब्रह्मऋषियों को सूचना के साथ सम्मेलन में आने हेतु निमंत्रण दिया गया है। सम्मेलन स्थल शहर के डीवीसी चौक और परिसदन के बीच स्थित प्रोवेश रिसॉर्ट परिसर का निरीक्षण किया गया। वनभोज हेतु व्यंजनों को लेकर चर्चा की गई। समाज द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन कर समाज के लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन के दौरान समाज के आदर्श स्वामी सहजानंद सरस्वती जी को याद करते हुए उन्हें नमन किया जाएगा और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प सभी लोग लेंगे ब्रह्मऋषि समाज, हजारीबाग के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह इस कार्यक्रम के संयोजक है । कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिन कन्हैया शर्मा, प्रवक्ता डॉ आनंद कुमार शाही, रंजन चौधरी, प्रकाश शर्मा, राजू सिंह, प्रफुल सिंह, दिनेश्वर सिंह, अजय शर्मा, जितनाथ सिंह, कन्हैया शर्मा, रामनिवास शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग जुटे हुए हैं।

### वाहन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव में अबकी बार, 80 पार' अभियान के तहत लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किये जाने के प्रति जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर केरेडारी प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन को भेजा रहा है। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन कैसै कार्य करती है और कैसे मतदान करना है से संबंधित प्रकिया की जानकारी सभी मतदाताओं को दिया जा रहा है। जागरूकता अभियान के पहले दिन बुधवार को प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र मनातू, बकचोमा और गोपदा स्थित मतदान केंद्रों पर ईवीएम प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जबकि पचड़ा, नवाखाप, बुकरु, भदईखाप, पेटो और सायल में 22 फरवरी को, चट्टी बरियातू , पगार,जोरदाग,तरहेसा, बालेदेवरी में 23 फरवरी को, बेंगवरी, बसरिया, हेवई, पहरा, जमीरा, बेलतू में 26 फरवरी को, कंडाबेर, सिरमा, पतरा खुर्द, बारियातू, गरीखुंर्द, देवरिया खुर्द में 27 फरवरी को, गरींकला, कोदवे, पतराकला में 28 फरवरी को, बेला, कराली, केरेडारी, केमो, कौलैश्वर बागी में 29 फरवरी को, जोको, सलगा, कुठान, नीरी, बुंडू, किरीगडा में 01 मार्च को वहीं खपिया, बटुका, हेंदेगीर, लोहरसा, पताल और कोले मतदान केंद्र पर 02 मार्च को ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सुरेश प्रसाद मेहता शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बाइक के धक्के से एक मजदूर घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के बिजुलिया निवासी फारूक अंसारी का घर के समीप बुधवार की शाम करीब 7:30 बजे बाइक सवार विवेक कुमार सिंह ने गांव के ही संतोष उरांव का पुत्र 28 वर्षीय अजय उरांव को धक्का मार दिया। इससे वह घायल हो गया। उसके सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोटें आयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। आरोपी और भुक्तभोगी दोनों ही पाहनटोली के रहने वाले हैं। अजय उरांव मजदूरी कर पैदल आ रहा था। विवेक किसी पेट्रोल पंप का कर्मचारी है। वह भी छुट्टी के बाद घर लौट रहा था।

### दरवाजा तोड़ घर में घुस लुटपाट और मारपीट

**खरसीदाग** ओपी क्षेत्र के ओमप्रकाश नगर, बसारगढ रोडनंबर 12 की रहनेवाली जयमंती देवी नें ओपी में एनसलरी चैक तुपुदाना के रहनेवाले अभिसेक सिंह, आनंद सिंह उर्फ कल्लू और राजीव सिंह सहित दस से पंद्रह की संख्या में लडकों द्वारा रविवार रात लगभग बारह बजे रात को उनके घर का दरवाजा तोडकर घर में धुस कर हथियार लहराते हुए घर में रखे किमती सामानों सहित उनके बेटी, विकलांग बेटा और उनके गले से सोने की चेन और बाला उतरवा लेने और तीनों के साथ मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामले में ओपी पुलिस ने दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### ब्रजपुर में बंद घर का ताला काट कर चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के ब्रजपुर में अपराधियों ने सुदीप कुमार सिन्हा के बंद घर को निशाना बना चोरी की घटना को अंजाम दिया। श्री सिन्हा देवघर गये हैं। पड़ोसियों ने बुधवार की सुबह थानेदार शशिभूषण चौधरी को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर लोगों से पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक, दरवाजे में लगे 5 ताले टूटे हुये हैं। कमरे के 2 अलमीरा को भी तोड़ा गया है। सामान बिखरे पड़े हैं। सिन्हा परिवार के लौटने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि घर से कितने और कौन-कौन से सामान की चोरी हुई है।

### श्री महाकालेश्वर राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा

**टाटीसिल्वे।** बुधवार को श्री महाकालेश्वर राम मंदिर, गांधी नगर, टाटी सिल्वे के प्राणप्रतिष्ठा के चौथे दिन पूजन की शुरूआत मंगलाचरण से हुई। इसके बाद मंडप के देवताओं का पूजन, देवस्नपन, 151 कलशों से मूर्तियो का महाभिषेक, सोडसोपचार, पूजन नगर भ्रमण परिक्रमा, मूर्तियों का सैयाधिवास, मंडप में आहूति प्रदान एवम सायं कालीन आरती,अमृत कथा एवम प्रसाद वितरण काशी से आए प्रकांड विद्वान अचार्य अमित पाण्डे के द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने मिलकर प्रभु की भक्ति भाव से विभोर होकर आनंद लिया। पूजन कार्य को सम्पन्न कराने में श्री महाकालेश्वर राम मंदिर गांधी नगर कमिटी के सभी सदस्यों की भूमिका रही।

### सिमलिया से मोटर साइकिल की चोरी

**रातू।** थाने में तीन साल से पदस्थापित अधिकारियों के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर दूसरे जिलों में तबादले के बाद अपराधियों का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा है। क्षेत्र में कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब चोरी, लूट व छिनतई की घटनाएं न हो रही हो। गिरोह की सक्रियता से लोग भयभीत हैं। अपराधियों ने इटकी टिकराटोली निवासी इजहार अंसारी को निशाना बनाया। सिमलिया रिंग रोड किनारे अमितेश के यहां पुट्टी का काम करने आये मिस्त्री की घर के बाहर खड़ी होंडा कंपनी की पैशन प्रो मोटर साइकिल जेएच 01 बीक्यू 4326 की चोरी कर ली। वह 10 बजे काम पर आया था। गाड़ी सड़क किनारे खड़ी थी। 3 बजे बाहर निकला, तो मोटर साइकिल गायब थी। काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं चला। विवश होकर उसने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# सत्संग से विवेक जागता है : संत पंकज जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता


संत महाराज पंकज जी का फूलमाला से स्वागत करते भक्तगण।


सोनाहातु के सत्संग समारोह में हजारों भक्तों की उमड़ी भीड़।

**सोनाहातु।** जब पिछले जन्मों के पुण्य उदय होते हैं और परमात्मा की दया होती है तभी मनुष्य शरीर व सत्संग मिलता है। सत्संग से ही विवेक जागता है कि हम कौन हैं। कहां से आये। मरने के बाद कहां जाना है।हमारे नाते रिश्तेदार कहां जायेंगे।कैसे हमारी जीवात्मा का कल्याण होगा, इन सभी प्रश्नों का उत्तर सत्संग से ही मिलतीं है। उक्त बातें बुधवार को सोनाहातु के बुड़कुड़ीया मैदान में आयोजित एक दिवसीय जय गुरुदेव सत्संग समारोह में जयगुरुदेव महाराज मथुरा के उत्तराधिकारी संत बाबा पंकज जी महाराज ने हजारों भक्तों के बीच ओजस्वी वाणी से प्रवचन कर रहे थे। इन्होंने कहा कि मानव शरीर साधना का एक मंदिर है। इसमें प्रभु के पास जाने के लिए रास्ता निहित है। हिन्दू महात्माओं ने इसे नर-नारायणी शरीर कहा, मुसलमान फकीरों ने इसे कुदरती काबा कहा ईसा मसीह ने जिन्दा परमात्मा का घर कहा। उन्होंने बताया कि कलियुग में महात्माओं ने साधना के तीन ही रास्ते बताये हैं। पहला सुमिरन, ईश्वर नाम का मौन जाप, दूसरा ध्यान, दोनों आंखों को बन्द कर ध्यान करना, तीसरा भजन, आंखों व कानों को बन्द करके ऊपर से आ रही देव वाणी, आकाश वाणी को सुनने को कहते हैं। यही जीवन का सार है। संत महाराज जी ने चरित्र को मानव की सबसे बड़ी पूंजी कहा धन की तरह चरित्र की रक्षा करें। वहीं शाकाहारी बनने, नशा का त्याग करने, बहन बेटी की पहचान लायें तभी समाज अच्छा चलेगा। आपसी भाईचारे के साथ रहें। सुबह शाम प्रभु का भजन करें। तभी भगवान की दया होगी और एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री बाबूराम यादव, आश्रम मथुरा के प्रबन्धक सन्तराम चौधरी, झारखंड के अध्यक्ष रामचंद्र, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय झा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल सिंह, रांची जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार, राजेंद्र मुण्डा, राहुल मुण्डा, विजय गोस्वामी, जय प्रकाश महतो, सिद्धार्थ महतो, प्रयागराज के अध्यक्ष सुखराम यादव अशोक पटेल आदि उपस्थित थे।

## उरांव टोली में पानी कनेक्शन को लेकर कैंप का आयोजन



**बुंडू।** नगर पंचायत क्षेत्र के उरांव टोली में पानी कनेक्शन को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र उरांव टोली में कैंप का आयोजन किया गया। कुछ दिन पहले स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने नगर प्रशासक एवं कर्मचारी के साथ समीक्षा बैठक कर नया पानी कनेक्शन लिए जा रहे लाभुकों को कटौती कर नगर प्रशासक को बीपीएल सूची परिवार को निःशुल्क देने का निर्देश दिया था।जिसके बाद नगर क्षेत्र में सभी बीपीएल परिवारों को कनेक्शन निःशुल्क दिया जाएगा एवं जिसके पास बीपीएल नहीं है उसे परिवार को ?7000 देकर नया कनेक्शन दिया जाए। जिससे लेकर विधायक की निर्देश पर बुधवार को कैंप का आयोजित किया गया। इस कैंप में विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा नगर प्रशासक शुभम हल्दार, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं उरांव टोली के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया निर्माण में अनियमितता का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** डीएमएफटी मद से निर्माण की जा रही सड़क व पुलिया निर्माण पर ग्रामीणों ने घटिया कार्य व भारी अनियमित्ता का आरोप लगाया। जानकरी के अनुसार डीएमएफटी मद अंतर्गत नकटा परसातरी मोड़ से नकटा पहाड़ तक पथ निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा भारी अनियमित्ता बरतने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य स्थल से गायब इंजीनियर व संवेदक ठेका मजदूर के भरोसे अपने मन मुताबिक धड़ले से कार्य किया जा रहा है। सड़क व पुलिया निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री जम कर उपयोग किया जा रहा है। बताया गया कि निर्माण स्थल पर घटिया सीमेंट,अवैध पत्थर,बालू का उपयोग कर जैसे तैसे बना कर काम निकाला जा रहा है। संवेदक के द्वारा घटिया निर्माण के विरोध करने में ग्रामीण माँगा उराँव, बोलवा देवी, विनोद उराँव, सोमरा उराँव, विश्वनाथ लोहरा, सुखनाथ लोहरा, अशोक लोहरा, अरविन्द लोहरा, सुभाष उराँव, जलही देवी, विजय कुजर, नीरज लोहरा, अंकित उराँव, मनोज उराँव, गुरुचरण लोहरा, संजय लोहरा, अमित लोहरा सहित अन्य ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर पहुँचकर विरोध किया। वही इस संबध में डीएमएफटी जिला परिसद अभियंता अनिल कुमार से पूछे जाने पर व्यस्त होने की बात कहते हुए बात को टाल दिया।

## खलारी झामुमो ने मायापुर पंचायत में निकाली न्याय यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी के द्वारा मायापुर पंचायत में न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च मायापुर पंचायत के कोंनका ग्राम से सखुआ टाँड़ ग्राम तक निकाला गया। न्याय मार्च में मोर्चा के कार्यकताओं ने ग्रामीणों को बताया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए प्रताड़ित कर रहे हैं। हमारे नेता को फंसाने का काम कर रहे हैं। जो इस न्याय मार्च के माध्यम से ग्रामीण जनता जाने और आने वाले विस चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएं। इस न्याय यात्रा में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, चितरंजन सिंह, मुकेश यादव, सुभाष प्रजापति, राजकुमार गंझू, राजेश प्रशाद, शंभु दास, जेनुल खान, कलाम रिज्वी, हैदरअली, मुमताज अंसारी, दसरथ तुरी, रामदेव गंझू, कल्मतिया देवी, पुटूआ देवी, झुकनी देवी, मनीशा देवी, फुलो देवी, गीता देवी, रंजीता देवी, बूधनी देवी, जग्मनी देवी, शन्ति देवी, मेना देवी, हिरमनी देवी, कोशिला देवी, फलिन्दर गंझू, सीमा देवी, बिलसो देवी इत्यादी सामिल थे।

## बेड़ो में ग्रामीणों के सहयोग से बन रहा एक करोड़ की लागत से भव्य दुर्गा मंदिर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य दुर्गा मंदिर बन रहा है।इस मंदिर का निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षो से चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मंदिर के निर्माण में अनुमानित एक करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रामीण मंदिर निर्माण के लिए खुद भी आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा वे मंदिर निर्माण में श्रमदान भी कर रहे हैं। वही मंदिर निर्माण समिति ने प्रखंड के आस पास के गांवों के लोगों से एक बार और सहयोग की अपेक्षा किए हुए हैं। महादानी मंदिर परिसर पूरे प्रखंड वासियों की आस्था का केंद्र है। सभी ग्रामीण आर्थिक सहयोग कर रहे है वहीं अन्य लोग जो इस मंदिर पर आस्था रखते है उनसे भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि भगवान उनके सभी दुखों का हरण करने के लिए साक्षात ग्राम में उपस्थित है। जल्द ही श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन


अपने मॉडल के साथ छात्राएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी स्थित लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में बुधवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मध्य विद्यालय चचगुरा, मध्य विद्यालय बारीडीह, मध्य विद्यालय कुल्ली, मध्य विद्यालय कुंदी, मध्य विद्यालय लक्ष्मी गजेंद्र व संत एग्नेस बालिका विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया और उसके बारे में जानकारी दी। प्रदर्शनी में बेहतर मॉडल प्रस्तुत करने वाले मध्य विद्यालय बारीडीह के खलील अंसारी और करण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मवि लक्ष्मी गजेंद्र के योगेश पांडेय व शाहिद अख्तर ने द्वितीय और संत एग्नेस बालिका विद्यालय की ज्योति तिर्की व फलक रुबाब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रखंड के टॉपर 23 फरवरी को जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेंगे। मौके पर बीपीओ पम्मी सिन्हा, दानिश नेजाम, मो जुबैर, श्याम कुमार, वसीम अहमद, अनिरुद्ध कुमार सिंह सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## आजादी के सात दशक बाद भी नहीं नसीब हुई पक्की सड़क

### चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आश्वासन की घुट्टी पिलाकर चले जाते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता


गड़गांव से भंडरा गांव जाने वाली बदहाल सड़क।

**बेड़ो।** इटकी प्रखंड के गड़गांव से भंडरा गांव जाने के लिए आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में जाने के लिए पक्की रोड नहीं रहने से बरसात के मौसम में उन्हें घोर संकट का सामना करना पड़ता है। लेकिन आज तक इस रोड का प्रशासन या जनप्रतिनिधि ने सुध नहीं लिया। जबकि हल्की वर्षा से सड़क बदहाल हो जाती है। जगह जगह गड्ढे हैं। सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को यातायात में बहुत परेशानी होती है। जब भी चुनाव का समय आता है तो जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी आश्वासन का घुट्टी पिलाकर चले जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि को इस गांव की याद नहीं आती है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजनाएं गांव पहुंचते-पहुंचते खत्म हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अपनी समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पंचायत भवन में लगे दो बार जनता की जन सुनवाई और प्रखंड कार्यालय में रखा था। लेकिन हम गांव वासी आज भी सड़क से वंचित हैं। विकास के दौर में आज भी गांव पिछड़ा हुआ हैं। ग्रामीणों ने कहा की कोई भी प्रखंड व जिला के अधिकारियों ने इस गांव की हालत को नहीं देखा हैं, हमलोगों को आश्वासन के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला। गांव के लोग आज भी सड़क की आस लगाए बैठे हैं।

# कॉलेज छात्रों ने किया रक्तदान

### दान की प्रवृति बेहतर इंसान बनाएगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बुधवार को रक्तदान किया गया। लेकव्यू ब्लड सेंटर द्वारा कॉलेज परिसर में एक रक्तदान शिविर लगाया गया था। कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने स्वेक्षा से रक्तदान किए। वहीं शिविर में छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दावा भी दी गई। रक्तदान करने वाले कॉलेज के छात्र-छात्राओं को, रक्तदान की उनकी तस्वीर लगी उपहार (कप) व प्रसस्ती पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने सभी छात्रों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं नए प्रकार का उपहार पाकर छात्र-छात्राएं काफी हर्षित हुए। रामटहल चैधरी ने रक्तदान को बड़ा धर्म बताया और कहा रक्तदान एक अंजाना मदद है। जिसे हम नही जानते उसे मदद कर जाते हैं। रक्तदान के प्रति छात्रों का उत्साह देख उन्होने कहा दान करने की प्रवृति ही छात्रों को बेहतर इंसान बनने में सहायक होगी। कालेज के निदेषक डा. पारसनाथ महतो, प्राचार्य डा. भीम महतो, ब्रजभुषण नीरज, डा. एम शरण, डा. राहुल राज, प्रकाश शाह, पुर्णिमा मोहन, सरफराज अहमद, आर. मोहन, पंसस शषि मिश्रा, अलका तिर्की, रामकुमार महतो, इकबाल अंसारी, योगेंद्र ठाकुर, प्रेमनाथ मुंडा, शैलेंद्र मिश्रा, रीता कुमारी, मानषी कुमारी, आरीफ अंसारी, लक्ष्मण महतो व कालेज के षिक्षक आदि उपस्थित थें।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया



**खलारी।** बुकबुका पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। मातृभाषा दिवस पर प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषा एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपनी बात दूसरे व्यक्ति तक पहुँचाता है कोई भी भाषा एक दूसरे से जुड़ने वाली होती है विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना और भाषाओं के विकास तथा संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना इसका मुख्य उद्देश्य है। वही इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच गीत, कविता, कहानी, चित्रांकन, स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा रांची, खलारी के चाइल्ड प्रोटेक्शन के मुन्नू शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु प्रोत्साहित किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय का सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु, अरुण उरांव के साथ बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### विशेष अभियान के तहत बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया



**खलारी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची डालसा के द्वारा खलारी में विशेष रूप में देखरेख एवम संरक्षण वाले बच्चों के लिए विशेष अभियान चला कर बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया जा रहा है। इस अभियान के तहत खलारी प्रखण्ड अंतर्गत अब तक पांच बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन स्कूल में कराया गया है। इस संदर्भ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची डालसा व चाइल्ड इन ट्रैश एवम चाइल्ड बेगिंग फ्री खलारी के प्रतिनिधित्व कर रहे मुन्नू शर्मा ने कहा कि ऐसे बच्चें अपने माता पिता और रिस्तेदार के साथ कूड़ा कचरा चुनने के काम मे लगे थें। और किसी न किसी का?ण से स्कूल नही जा रहें थे। वहीं इसके लिए बच्चों के माता पिता और उनके रिश्तेदारों को भी चेतावनी दी गई है कि बच्चों को ऐसे कामों में संलिप्त कराने पर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे कहीं भी भीख मांगते, कूड़ा चुनते देख रेख वाले और जरूरतमंद बच्चे दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की बात कही।

### आरएएम ऐकेडमी खेल कूद में सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**अनगड़ा।** प्रखड के लूपूंग मीनी स्टेडीयम में आरएएम एकेडमी द्वारा आयोजित छह दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सासद आदित्य प्रसाद साहू विशिष्ट अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी प्रमुख दीपा उरांव जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा राजेन्द्र शाही मुन्डा डॉ रिझू नायक सिकन्दर अन्सारी जैलेन्द्र कुमार अजय महतो अगमलाल महतो विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा शिवदास गोस्वामी सरीता देवी नीलकंठ चौधरी शांति देवी रामकृष्ण चौधरी विशेषर चौधरी राम पोदो महतो आरएएम ऐकेडमी के संयोजक रामसाय मुन्डा अध्यक्ष राजेन्द्र महतो सचिव सुनील महतो राजू प्रमाणिक संजय नायक जलेश महतो पन्ना लाल महतो अजय करमाली इत्यादि मौजूद थे। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सूपा ने लूपूंग क्रिकेट क्लब को हराया जबकि एक अन्य मुकाबले में कांग्रेस ने मीडिया को हराया बॉली बॉल के फाईनल में सालहन ने चिलदाग को हराया बालिक फूटबॉल फाईनल में तुरूप ने बानपूर को हराया कब्बडी प्रतियोगिता के फाईनल में एसएस प्लस टू ने अनगड़ा को हराया सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि राज्य सभा सासद आदित्य प्रसाद साहू ने नकद पुरुस्कार और ट्राफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वॉली वॉल मे मैन ऑफ दी मैच का पुरुस्कार आरिफ अन्सारी को दिया गया जबकि क्रिकेट में आकास कुमार और रामनाथ मुन्डा को मैन आफ दी मैच का पुरुस्कार दिया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने कहा कि आरएएम ऐकेडमी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं अवशर प्रदान कर उसे आगे बढ़ाने का जो काम किया जा रहा वह प्रशंसनीय है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का आयोजन निरतंर होते रहना चाहिए।

### कांके पत्रकार संघ का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने सुनील गुप्ता

**कांके।** कांके चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में कांके पत्रकार संघ की बैठक राम मनोहर मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांके पत्रकार संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष राम मनोहर मिश्र उपाध्यक्ष गुलाम रब्बानी विजय गोप तौकीर अहमद रिंकू सचिन गोस्वामी मुकेश रंजन सचिव वसीम अकरम सह सचिव रविंद्र साहू कोषाध्यक्ष अफरोज आलम सह कोषाध्यक्ष आकाश तिवारी बनाए गए। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संघ से जुड़े सभी पत्रकार पत्रकारिता की मूल भावना को ध्यान में रखकर ही प्रखंड क्षेत्र के संस्थानों कार्यालय में कार्य करेंगे और समाचारों का संकलन करेंगे। पत्रकारिता करते समय किसी की भावना आहत न हो इसका ध्यान रखेंगे। बैठक में पत्रकार हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। जिससे पत्रकारों का भविष्य सुरक्षित रहे। कांके पत्रकार संघ के पुनर्गठन होने पर समाजसेवी अख्तर हुसैन, पूर्व मुखिया अमित तिर्की, मो. मेराज, झामुमो नेता मो. फुरकान, अब्दुल इमरान, बबलु आलम, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, आजसू पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री वीरेंद्र नारायण तिवारी, प्रखण्ड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो, टाइगर विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता प्रभात भूषण, राजकुमार महतो, कांग्रेस पार्टी के मदन कुमार महतो, महेश कुमार, मनीष, अशोक गोप सहित कई गणमान्य लोगों ने पत्रकारों को बधाई दी है।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सम्मान में समारोह का आयोजन


समारोह के दौरान बीईईओ को सम्मानित करते शिक्षक।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के सम्मान में बुधवार को राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में समरोह का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षक व शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाध्यापक विजेंद्र चौबे ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रुप में सुनील कुमार केशरी का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे। उन्होंने कहा एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे। बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे। उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की बेड़ो में उनकी सेवा समाप्त हो रही हैं। सेवाकाल का यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा। मैं अभी रिटायर नहीं हो रहा हूं। मैं आगे के जीवन में अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करता रहूंगा और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ा रहूंगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें और अच्छे मार्ग पर चलकर शिक्षा जगत को उज्ज्वल करते रहें। वहीं प्रशिक्षु शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम टोप्पो व धन्यवाद ज्ञापन रेखा रानी खलखो ने किया। समारोह में कल्याण पदाधिकारी बासुदेव बड़ाइक पशुपालन चिकित्सा प्रभारी डा नवीन आर्या बीपीओ देव कुमार राम, विकाश कुमार गुप्ता, सुशांत मिश्रा लाल सच्चिदानंद शाहदेव मनोज कुमार, सत्यप्रकाश मनोज झा, बद्रीनारायण सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

इटखोरी महोत्सव में विनोद राठौड़ ने बिखेरा संगीत का जादू, स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से जीता सबका दिल

# नायक नहीं खलनायक हूं... के गाने की धुन पर झूमे श्रोता

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे देर शाम तक हजारों की भीड़ महोत्सव में शामिल रही और बेहतरीन प्रस्तुतियों का लोगों ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में देश के जाने माने व स्थानीय कलाकारों ने अपना जलवा बिखेरा। दुसरे दिन की प्रस्तुति की शुरूआत सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप के द्वारा छ?ऊ नृत्य से हुई। शालिनी दुबे और उनकी ग्रुप ने अगली प्रस्तुति दी। लोक गायिका साक्षी प्रिया दुबे और उनकी ग्रुप की ओर से लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। चौथी प्रस्तुति किस्सु राहुल और उनके ग्रुप ने दी। किस्सु राहुल और उनके ग्रुप ने देशभक्ति बॉलीवुड, भोजपुरी और नागपुरी गानों पर डांस किया। पांचवीं प्रस्तुति रोहित आर के एंड ग्रुप की ओर से झालीवुड गाना और डांस की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद बारी आई बॉलीवुड के मशहूर सिंगर विनोद राठौर की। बॉलीवुड सिंगर विनोद राठौड़ ने नायक नहीं खलनायक हूं मैं... से बैक एंट्री ली तो तालियों की गड़गड़ाहट ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राठौड़ ने ह्यएम बोले तो मुन्ना भाई एमबीबीएस..., छुपाना भी नहीं आता बताना भी नहीं आता हमें तुमसे..., कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला... गीत गा ऐसा समां बांधा की हर कोई थिरक उठा। उन्होंने अपने एक-एक कर कई हिट गाने सुनाकर श्रोताओं को मदहोश कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन ने सभी कलाकारों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित भी किया।



## डीसी और एसपी ने विनोद राठौर के साथ बांधा समां

इटखोरी। जिले के डीसी अबु इमरान और एसपी राकेश रंजन बुधवार को दिनभर सुर्खियों में छाए रहे। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में डीसी और एसपी ने मंच पर मशहूर सिंगर विनोद कुमार के साथ 'छुपाना भी नहीं आता... जतन भी नहीं आता, हमें तुमसे मोहब्बत है बताना भी नहीं आता' गाना गाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। डीसी और एसपी के अंदर छिपी सिंगिंग की इस प्रतिभा को देख सब हैरान रह गए। डीसी और एसपी की मधुर आवाज सुनकर कार्यक्रम में मौजूद अफसर और दर्शक तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक पाए। पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों के गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



## सांसद और विधायक ने कार्यक्रम का उठाया लुत्फ

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन सांसद सुनील कुमार सिंह और सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का घंटो आनंद लिया।



## मंदिर की जमीन किसी कीमत पर हड़पने नहीं देंगे : डॉ शशिभूषण



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौक स्थित शिव पार्वती मंदिर के नाम से तीन एकड़ से अधिक जमीन है जिसे वर्ष 1939 में समर्पणनामा लिखित रूप से तत्कालीन पुजारी फकीरचंद पाठक एवं भक्त रघुनी साव व रामलखन साव को सुपूर्द किया गया है। तब से इस जमीन से जोतकोड़ कर मंदिर के रख रखाव व पुजारी के भरण पोषण का काम किया जा रहा है। इस जमीन पर भू माफियाओं की बुरी निगाह पड़ी तो भू माफिया अंचलकर्मियों के मिलीभगत से जाली कागज तैयार कर जमीन को हड़पने का काम किया। जब इसकी खबर सनातन धर्मावलंबियों को मिला तो वे लोग पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, समाजसेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरू पांडेय को दिया गया। इन लोगों के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल उपायुक्त शशिरंजन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कहा गया कि 1939 में मंदिर के नाम से दानपत्र दिया गया है।

जिसमें यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि यह शिवजी की संपत्ति है इसका देखरेख की जिम्मेदारी तमाम हिंदू सनातन धर्मावलंबियो को सौंपा गया है। जो सार्वजनिक संपत्ती है। मांग पत्र में कहा गया कि भू माफिया द्वारा षडयंत्र कर जमीन को लूटने का काम किया जा रहा है इसमें कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए भू माफिया द्वारा कराया गया बंदोबस्त रद्द किया जाये।

## सिसई के ओलमुंडा कोयल नदी बालू घाट पर एसडीओ ने की छापामारी

**गुमला।** अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज द्वारा गुप्त सूचना के आधार मंगलवार की रात्रि सिसई प्रखण्ड के ओलमुण्डा के असरो कोयल नदी के डोंगा बालुघाट में छापेमारी की। छापेमारी के समय अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव, प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गुमला, अंचलाधिकारी सिसई एवं थाना प्रभारी सिसई उपस्थित थे। छापेमारी के समय बालु डोंगाघाट स्थल पर भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू डम्प किया हुआ पाया गया।

## प्रतिकूलता में धैर्य भक्ति का प्रतिफल : पं विवेक

जमशेदपुर। भुइयांडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीला, छप्पन भोग, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का कथा में वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से बाल कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये।

# फिलहाल कल्याण कोष में निबंधन नहीं करायेंगे सहायक अध्यापक

### कल्याण कोष की बैठक जेइपीसी ने मौजूदा प्रस्ताव को नकारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के झारखंड सहायक अध्यापक, सीआरपी- बीआरपी एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय कर्मी के लिए कल्याण कोष एवं बीमा का लाभ देने को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची में प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा के अध्याक्षता में बुधवार को बैठक हुई। इसमें जेईपीसी द्वारा कल्याण कोष के मौजुदा प्रपोजल को नकार दिया गया तथा बैठक में सर्व सम्मति से सहायक अध्यापक, सीआरपी/ बीआरपी एवं कस्तुरबा विद्यालय के कर्मियों ने निर्णय लिया कि कल्याण कोष में सभी का अंशदान शुन्य रहेगा, अंशदान अधिक एवं लाभ कम होने के कारण परियोजना परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को सहमति नही दी गयी। जब तक राज्य परियोजना कार्यालय निर्णय का अनुपालन नहीं करेंगे, तबतक कल्याण कोष में राज्य के सहायक अध्यापक निबंधन नही करायेंगे।



**बैठक में इन मुद्दों पर बनी सहमति :** इसस पूर्व में भी कई बार कल्याण कोष की बैठक आयोजित की गई है, जो बेनतीजा ही रहा है। इससे हम सभी संघ के सदस्य हताश और निराश हो चुके हैं। कहा गया कि कल्याण कोष के कारपस फण्ड के रूप में प्राप्त 10 करोड़ की राशि, जिस तिथि को प्राप्त हुई है, उस राशि के ब्याज की गणना करते हुए 31 मार्च 2024 तक सेवानिवृत एवं मृत सहायक अध्यापक, बीआरपी/सीआरपी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समस्त कर्मियों में बराबर विभाजित कर दिया जाये तथा उक्त राशि मृत कर्मी के परिजन एवं सेवानृवित कर्मी को 10 अप्रैल 2024 तक दिया जाये। कल्याण कोष के माध्यम से दो हजार से अधिक मृत एवं सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक एवं अन्य कर्मी 75,000 रुपये तक लाभ मिल सकता है। कल्याण कोष के ब्याज की राशि से सभी सदस्यों का ग्रुप बीमा कराया जायगा। इसके लिए विभिन्न बैंकों से प्रस्ताव लिया जाये, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ज्यादा से ज्यादा लाभ सभी को मिल सके। इसमें प्राकृतिक और दुर्घटना दोनो अप्रिय मृत घटना घटने पर सभी कर्मी शामिल हो सके। राज्य के सभी अध्यापक मोर्चा, बीआरपी/सीआरपी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समस्त कर्मियों का सैलरी खाता सबसे ज्यादा लाभ देने वाले बैंक के साथ राज्य कार्यालय एवं सभी संघों के प्रतिनिधियों साथ एकरारनामा कर निष्पादित किया जायेगा। सभी सहायक अध्यापक , बीआरपी/सीआरपी ,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समस्त कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा जो झारखण्ड सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा देय होगा, इसका लाभ सभी को दिया जाये। सभी सहायक अध्यापक, बीआरपी/सीआरपी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समस्त कर्मियों को इपीएफ कटौती का लाभ अविलंब दिया जाये। बैठक में 7 दिनों के अन्दर सभी प्रावधानों को लागू करने पर सहमति दी गई है । मौके पर विनोद तिवारी, संजय कुमार दुबे , सिद्दीकी शेख , ऋषिकेश पाठक, सुमन कुमार सिंह ,प्रदुमन कुमार सिंह, सुशील कुमार पांडे, पंकज शुक्ला, रोहित कुमार ,रोहिणी कुमारी, सौरभ कुमार ,बैद्यनाथ महतो ,नारायण महतो, सुशील कुमार झा, साकेत शेखर, सुखदेव राम मुख्य रूप उपस्थित थे ।

# सूर्यधाम में कल से संगीतमय श्रीराम कथा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सूर्यधाम सिदगोड़ा में मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और श्रीआयोध्याम में बने भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर सूर्य मंदिर में बने श्रीराम मंदिर के चतुर्थ वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा ने भव्य शोभायात्रा एवं संगीतमय श्रीराम कथा के निमित्त सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिर समिति 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान से वर्षगांठ समारोह और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की है। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी (बुधवार) को शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण 3 बजे से निकलेगी। इसमें ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास भी शिरकत करेंगे। 23 से 29 फरवरी तक सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में संगीतमय श्रीराम कथा होगी। प्रतिदिन



दोपहर 3 बजे से श्री अयोध्याधम से पधार रहे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी कथा वाचन करेंगे। प्रतिमाओं का नगर भ्रमण सह शोभायात्रा सिदगोड़ा सूर्यधाम से निकलकर भीमा रोड के रास्ते स्वामी विवेकानंद स्कूल होते हुए सिदगोड़ा बाजार के रास्ते 28 नंबर रोड होते हुए सूर्य मंदिर परिसर पहुंचेगी। वहीं, सुसज्जित रथ पर श्री रामायण, मनोरम झांकी, श्रीराम दरबार, तिलक लगाये सनातन संस्कृति के परंपरागत परिधान में शामिल पुरोहितों के समूह, बैंड-बाजा टीम, डीजे संगीत, पुष्पवर्षा एवं शानदार आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जल्द : आशा लकड़ा

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** भाजपा की लोकसभा स्तरीय विशेष संगठनात्मक बैठक बुधवार को बिरसा मुंडा पार्क स्थित आनंदमयी भवन में जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जल्द होगा। जिसमें लोकसभा चुनाव की विशेष तैयारी पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में लोहरदगा लोकसभा के पांचों विधानसभा क्रमशः गुमला, सिसई, विशुनपुर, लोहरदगा और मांडर के टोटल 32 मण्डल के सभी 321 पंचायत (शक्तिकेन्द्र) के अंतर्गत पड़ने वाले 1748 बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले जिला कार्यसमिति, जिला के सभी मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य एवं पदाधिकारी, मण्डल एवं मण्डल मोर्चा के सभी कार्यसमिति के सदस्य एवं सभी पंचायतों (शक्तिकेन्द्रों) के संयोजक एवं सह संयोजक के साथ सभी बूथ अध्यक्ष सहित बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मंच का संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने की। बैठक में गुमला जिला, लोहरदगा जिला, एवं मांडर विधानसभा के पदाधिकारी शामिल थे। लोकसभा स्तरीय विशेष संगठनात्मक बैठक में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह,सह संयोजक सन्नी टोप्पो, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, कौशलेंद्र जमुआर एवं छोटे सोनी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# संघर्ष दर संघर्ष झारखंड की बन चुकी है नियति



डॉ.बीरेन्द्र कुमार महतो

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विशेष

संघर्ष दर संघर्ष झारखंड की नियति बन चुकी है। कभी संस्कृति के नाम पर तो कभी सभ्यता के नाम पर तो कभी भाषा के अस्तित्व को बचाने के लिये। एक लम्बे संघर्ष के बाद झारखंड राज्य तो राज्य का नवनिर्माण संभव तो हुआ, परन्तु इस संघर्ष में जिस भाषा और संस्कृति को आधार बनाकर एक लंबी लड़ाई लड़ीं गयी, वही भाषा-संस्कृति आज अपना वजूद, अपना अस्तित्व बचाने को लेकर जद्दोजहद में हैं। हमारी पहचान देने वाली मातृ भाषाएं बाह्य संसर्ग और विकास की आंधी में गुम सी होती जा रही है। साथ ही सभ्य कहे जाने वाले शहरी इलाकों में बसी आदिवासी व सदानी आबादी अपनी भाषा का उपयोग बोलचाल में नहीं के बराबर करती हैं, इसलिए इन भाषाओं की हालात बहुत ही चिंताजनक है। झारखंड के आदिवासी और सदानी भाषाओं की जो परिस्थिति पूर्व में थी कमोवेश आज भी वही स्थिति बनी हुयी है। राज्य गठन के अठारह वर्ष गुजर जाने के पश्चात भी झारखंडी भाषाओं के प्रति सरकार का नजरिया अभी तक पूरी तरह से नहीं बदला है। इस ओर सरकार का रवैया भी काफी उपेक्षापूर्ण रहा है। यदि ईसाई मिशनरियों द्वारा झारखंड की भाषाओं के प्रति लगाव नहीं रहता, तो यहां की भाषाएं कब के विलुप्त हो चुकी होतीं। मुंडारी भाषा के लिए होपमैन ने इनसाइक्लोपीडिया, कुडूख भाषा के लिए बडियन हॉन ने कुडूख ग्रामर लिखा उसी प्रकार नागपुरी भाषा के लिये जे. एच. श्टिली ने 'नोट्स ऑन दी गंवारी डायलेक्ट', फा. कोनार्ड बुकाउट ने 'ग्रामर ऑफ दी नागपुरिया सदानी लैंग्वेज', फा. पीटर शांति नवरंगी ने 'नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण' लिखा। इनके अलावा जर्मनी की भाषा-वैज्ञानिक डॉ. मोनिका जार्डन ने भी नागपुरी भाषा में शोध कर चुकी हैं। वर्तमान में जर्मनी के कील स्थित क्रिश्चियन अल्ब्रेच्टस यूनिवर्सिटी में लिंग्वेस्टिक विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष डॉ जॉन पीटरसन ने विगत दस वर्षो से झारखंड की भाषाओं पर शोधरत हैं। वे खड़िया भाषा में दो शब्दकोश लिख चुके हैं और वर्तमान में नागपुरी भाषा के लिये शब्दकोश तैयार कर रहे हैं। इसी विश्वविद्यालय के भाषा वैज्ञानिक डॉ. नेत्रा पी. पौडयाल भी झारखंड की विभिन्न भाषाओं पर शोध करते रहे हैं। वर्तमान में डॉ. पौडयाल खोरठा और कुरमाली भाषाओं पर शोधरत हैं। झारखंडी भाषाओं का मौखिक साहित्य लिखित साहित्य से काफी समृद्ध है, जरूरत है इसके लिखित साहित्य को समृद्ध कर इसे बढ़ावा देने की, तभी यहाँ की आदिवासी व सदानी भाषाओं का विकास हो सकेगा। दूसरी तरफ शहरी क्षेत्रों में प्रवास कर रहे अधिकांस आदिवासी-सदान समाज के लोगों में अपनी भाषा बोलने वाले अब या तो बुढ़े हैं या जवान, बाजार के अनुकूल नहीं होने के कारण बच्चों में इन भाषाओं के प्रति कोई रुचि नहीं दिखाई देती। वहीं झारखंडी भाषाओं में सामुदायिक व व्यक्तिगत स्तर पर कई पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता रहा है, परन्तु आर्थिक समस्या के चलते कई तो बंद हो चुके और जो बचे हैं उनकी भी स्थिति दयनीय है। जानकर आश्चर्य होगा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग शायद देश का पहला ऐसा विभाग है जहाँ एक साथ झारखंड प्रदेश की नौ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की गयी थी। परन्तु सरकारी उदासीनता के कारण यह विभाग काफी पिछड़ा हुआ है। झारखंड के आदिवासियों व सदानों में द्रविड़, आस्ट्रिक और आर्य भाषा परिवार से संबद्ध भाषाओं का बोलबाला है। उरांव जनजाति की भाषा कुड़ुख व सौरिया पहाड़िया जनजाति की भाषा मालतो द्रविड़ परिवार की भाषा है जबकि मुंडारी, संताली, हो और खड़िया आस्ट्रिक भाषा परिवार से तथा नागपुरी, खोरठा, कुरमाली और पंचपरगनिया आर्य भाषा परिवार से संबद्ध हैं। इस परिवार की कई भाषाएं वैज्ञानिक, तकनीकी शब्दावली के अभाव में बाजार की मंग के अनुरूप खरी नहीं उतर पा रहीं, जिसके परिणाम स्वरूप उन भाषाओं का विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। इस कड़ी में झारखंड की 8 भाषाएं जिसमें कुड़ुख, मुंडारी, हो, खड़िया, असुरी, भूमिज, बिरहोरी, मलतो आदि लगभग विलुप्त होने के कगार पर हैं। चुंकि इन भाषाओं को बोलने वालों की संख्या काफी तेजी से घटी है।

दरअसल, इसका मूल कारण यह है कि आदिवासी समुदायों के बच्चों को अपनी ही भाषा में शिक्षा नहीं मिलती है। उचित होगा कि इन बच्चों को उनकी अपनी ही लोकभाषाओं में प्राथमिक स्तर से शिक्षा की व्यवस्था हो। तभी हमारा अस्तित्व भी बरकरार रह पायेगा वरना हमारा वजूद को मिटते देर न लगेगा। वैसे यह कहा भी गया है कि यदि किसी का अस्तित्व मिटाना हो तो सबसे पहले उसकी भाषा को समाप्त कर दो, वह स्वतः ही समाप्त हो जायेगा।

**लेखक- यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ टीआरएल रांची विश्वविद्यालय, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।**

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का पंचदश (बजट) सत्र दिनांक-23/02/2024 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 117 / जि0प0, दिनांक 20.02.2024 द्वारा पलामू जिला अन्तर्गत 09 पंचायत भवनों के नव निर्माण से संबंधित निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 जिसका PR No- 319695 District (23-24) D है, में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा खोलने की तिथि 01.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे के स्थान पर दिनांक 02.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाता है।

शेष सभी सूचनाएं यथावत रहेंगे।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 319791 (Palamu) 23-24 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-25/2023-24
Letter no - 229 Date:- 20.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Checkdam at Devaniadah Nala Block- Barkatha, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 43,21,900.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 26.02.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 04.03.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 319789 (Minor Irrigation)23-24*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-23/2023-24
Letter no - 227 Date:- 20.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Checkdam on Dhubi Nala Block- Padma, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 72,99,100.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 26.02.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 04.03.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e-Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 319787 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

# रांची में अब तक टेस्ट मैच नहीं हारा भारत

## धोनी के शहर में पहली बार खेलेगा इंग्लैंड

- गावस्कर और कोहली के बड़े रिकॉर्ड भी खतरे में
- यशस्वी की 13 पारी में 861 रन, कांबली ने 14 में बनाए 1000

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जाएगा। दोनों टीमें जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में 23 फरवरी से आमने-सामने होंगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में टेस्ट जीतकर सीरीज की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में की थी। उसके बाद रोहित शर्मा की टीम ने शानदार वापसी की। उसने विशाखपत्तनम और राजकोट में खेले गए मुकाबलों में जीत हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त ले ली।रांची में भारत की नजर अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम सीरीज में बने रहने के लिए जीत और ड्रॉ की उम्मीद करेगी। भारत के महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह गृह नगर है। टीम इंडिया अब तक यहां एक भी टेस्ट नहीं हारी है। वहीं, इंग्लैंड पहली बार धोनी के शहर में क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलने उतरेगा।



फोटो: समीर

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चला था जडेजा का जादू

2017 में जब भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें रांची में आमने-सामने हुई थीं तब रवींद्र जडेजा का जादू देखने को मिला था। उन्होंने कंगारू टीम के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद भारत के लिए पहली पारी में नाबाद 54 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, जडेजा ने दूसरी पारी में भी घातक गेंदबाजी की थी और चार विकेट झटके थे। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट अपने नाम किया था। अश्विन के नाम यहां तीन रन हैं। 2017 में खेलने वाली टीम के सिर्फ ये दोनों सदस्य ही मौजूदा भारतीय टीम का हिस्सा हैं।







**2017 में यहां हुआ था पहला टेस्ट :** रांची में अब तक दो टेस्ट मैच खेले गए हैं। यहां पहला मुकाबला 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। वह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। वहीं, दूसरा मुकाबला उसके दो साल बाद 2019 में आयोजित हुआ था। तब टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया। भारत इस मैदान पर कभी नहीं हारने के अपने रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा।

**रांची में दोहरा शतक लगा चुके हैं रोहित शर्मा :** 2019 में भारत जब इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरा था तब रोहित शर्मा ने दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जडेजा ने 51 और अश्विन ने 14 रन बनाए थे। गेंदबाजी में जडेजा ने पहली पारी में दो विकेट लिए थे। दूसरी पारी में उन्हें एक सफलता मिली थी। अश्विन को पहली पारी में सफलता नहीं मिली थी। वहीं, दूसरी पारी में उन्होंने एक विकेट लिया था। भारत पारी और 202 रन से मैच जीता था।

**रोहित के नाम सबसे ज्यादा रन, गेंदबाजी में जडेजा हिट :** रांची में रोहित शर्मा सबसे ज्यादा रन 212 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर चेतेश्वर पुजारा हैं। उन्होंने दो मैच में 202 रन बनाए हैं। जडेजा ने दो मैच में 105 रन बनाए हैं। वह इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सातवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में जडेजा ही नंबर-1 हैं। उन्होंने दो मैच में 12 विकेट लिए हैं। अश्विन ने इतने मैचों में तीन विकेट लिए हैं।

## तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया : गिल

**रांची।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया। आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12 विकेट), कुलदीप यादव (आठ विकेट) और अक्षर पटेल (पांच विकेट) इन सभी चार स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाये हैं। हालांकि विकेटों की संख्या भले ही स्पिनरों के पक्ष में हो लेकिन गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा, हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। अश्विन भाई और जड्डू भाई वैसे भी विकेट ले ही लेंगे लेकिन जिस तरह से हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे। गिल ने कहा, जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर चार विकेट लिये थे।' उन्होंने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का।

## रांची में इंग्लैंड की टीम सीरीज में वापसी करेगी : पोप

**रांची।** इंग्लैंड के प्लेयर ओली पोप ने कहा कि उनकी टीम यहां सीरीज में वापसी करेगी।टीम की तैयारियों के साथ जडेजा और आर अश्विन को बढ़िया प्लेयर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम भले इस सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद बाकी दो मैच लगातार हार चुकी है लेकिन उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम वापसी करेगी। टीम एकजुट है। इंग्लिश टीम पूरी तरह से तैयार है। ओली पोप बुधवार को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम के प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ओली पोप के मुताबिक रांची की पिच को देखते लगता है कि यहां स्पिनर को मदद मिलेगी। पिच में काफी दरार है। ओली ने ऐसी पिच पर जडेजा और अश्विन को घातक खिलाड़ी बताया। साथ ही कहा कि वे खुद भी बाएं हाथ के बॉलरों के खिलाफ खेलने को अपनी तैयारियों को और बेहतर कर रहे हैं।

## रांची टेस्ट से डेब्यू करेंगे आकाश दीप

तेज गेंदबाज आकाश दीप को भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में होने वाले आगामी चौथे टेस्ट के दौरान टेस्ट कैप मिलने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने से आकाश दीपक तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद सिराज की मदद करेंगे। हालांकि मुकेश कुमार बाकी 2 मैचों के लिए टीम में लौट आए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन आकाश को मौका देना चाहते हैं।आकाश ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए 2 मैचों में 11 विकेट लिए थे। हालांकि मुकेश भी तीसरे टेस्ट से ब्रेक के दौरान बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी खेलकर 10 विकेट ले चुके थे। लेकिन दूसरे टेस्ट में उनके फेलियर के कारण चयनकर्ता उनके साथ जाने से डर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया



**एजेंसी**

**वेलिंग्टन।** वेलिंगटन के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड की आतिशी पारियों की बदौलत पहले टी20 में 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए डेवन कॉन्वे के 63 तो रचिन रविंद्र क 68 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मार्श का सहारा मिला। ऑस्ट्रेलिया को जब आखिरी 18 गेंदों पर 43 रन बनाने की जरूरत थी तभी टिम डेविड ने 10 गेंदों पर 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

### न्यूजीलैंड : 215-3 (20 ओवर)

न्यूजीलैंड की एलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। छठें ओवर में स्टार्क ने फिन एलन को 32 रन पर वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराया। फिर रचिन रविंद्र ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट लिए 113 रन जोड़े। रचिन रविंद्र ने 35 गेंदों में दो चौके और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। जबकि कॉन्वे ने 46 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। उन्हें कमिंस ने स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फिलिप्स 19 रन और मार्क चैपमैन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### ऑस्ट्रेलिया : 216-4 (20 ओवर)

जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया को भी तेजतर्रार शुरूआत मिली। ओपनर ट्रेविस हेड ने 15 गेंदों पर 24 तो डेविड वार्नर ने 20 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। कप्तान मिशेल मार्श ने 44 गेंदों पर 2 चौके और 8 छक्कों की मदद से 72 रन की उपयोगी पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल ने 11 गेंदों पर 24 तो जोश इंगलिस ने 20 रन बनाए।अंत में टिम डेविड ने 10 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर अपनी टीम को 6 विकेट से मैच जितवा दिया। न्यूजीलैंडकी ओर से कप्तान मिशेल सेंटनर 42 रन देकर 2 विकेट निकालने में सफल रहे। लॉकी फार्ग्यूसन ने भी 23 रन पर 1 विकेट लिया। टिम साऊदी और एडम मिल्ने ने अपने 4-4 ओवरों में 50 से ज्यादा रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली।

## आइसीसी टेस्ट रैंकिंग: जयसवाल 15वें स्थान पर ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मुकाबलों में दोहरे शतक ठोके हैं। इसका अब उन्हें फायदा मिला है। आइसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी। इसमें यशस्वी जायसवाल ने लंबी छलांग लगाकर 15वां स्थान प्राप्त कर लिया। वहीं, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को भी तगड़ा फायदा हुआ है। इसके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट को भी लाभ मिला है।

### जायसवाल ने लगाई लंबी छलांग

आइसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों ने धमाल मचाया है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मुकाबले में लगातार दूसरा दोहरा शतक जड़ने वाले जासवाल ने 14 अंकों की छलांग लगाई है। वह अब 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 699 अंक हैं। जायसवाल के अलावा रोहित शर्मा 732 अंकों के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 41वें से 34वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

### जडेजा और अश्विन को फायदा

राजकोट टेस्ट में जडेजा ने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने गेंद और बल्ले से विरोधी खिलाड़ियों की अच्छे से खबर ली। पहली पारी में चेन्नई के इस खिलाड़ी ने 112 रन बनाए थे। इसका फायदा उन्हें अब आइसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में मिला है। वह 595 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा सात विकेट हॉल लेकर वह गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, अश्विन ने दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल क्रमशः 75वें और 100वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### शीर्ष 10 में विराट कोहली बरकरार

आइसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में केन विलियमसन टॉप पर बरकरार है। विराट कोहली टॉप 10 में शामिल हैं। 752 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ वह सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

## अफगानिस्तान ने श्रीलंका को दिया 210 रनों का लक्ष्य

**दांबुला।** रहमानउल्लाह गुरबाज की 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। हजरतुल्लाह जजई और रहमानउल्लाह गुरबाज की सलामी जोड़ी ने पहले अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट लिए 88 रन जोड़े। अकिला ने आठवें ओवर में हजरतुल्लाह जजई को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। जजई ने 22 गेंदों में छह चौकों और दो छक्को की मदद से 45 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान इब्राहिम जदरान 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 14वें ओवर में हसरंगा ने सदीरा के हाथों रहमानउल्लाह गुरबाज को कैच आउटकर दिया। गुरबाज ने 43 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से टीम के लिये सर्वाधिक 70 रन बनाये। अजमतउल्लाह उमरजई 31 रन बनाकर और करीम जनत शून्य पर आउट हुये।

## भारतीय पुरुष और महिला टीम टेटे चैंपियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में

**बुसान।** भारतीय पुरुष और महिला टीमें बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं। पुरुष टीम ने कजाकिस्तान को 3-2 से तथा महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया। आज यहां खेले गये पुरुष वर्ग के मुकाबले में हरमीत देसाई पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 3-2 से हार गये। इसके बाद दूसरे एकल मुकाबले में शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज कर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को बढ़त दिला दी। शरत कमल अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम के साथ खेलते हुए 3-1 की जीत दर्ज कर पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया।

## विश्व रैंकिंग : शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

**नयी दिल्ली।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। भारतीय खिलाड़ियों में उनके बाद युकी भांबरी (60), एन श्रीराम बालाजी (80), विजय सुंदर प्रशांत (81), साकेत मयनेनी (89) और अनिरुद्ध चंद्रशेखर (94) का नंबर आता है।

## तुर्की महिला कप फुटबॉल: भारत ने एस्टोनिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**अलान्या।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को मनीषा कल्याण के दो गोल की बदौलत तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 4-3 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारतीय महिला टीम की किसी भी यूरोपीय देश के खिलाफ यह पहली जीत है।

## यूएई पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने लालचंद राजपूत

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर लालचंद राजपूत को बुधवार को तीन साल की अवधि के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नामित किया गया है। 1980 के दशक में भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेलने वाले राजपूत इस सप्ताह आधिकारिक तौर पर टीम की कमान संभालेंगे। यूएई पक्ष के साथ उनका पहला काम आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला होगी, जिसमें हिस्सा ले रही दो अन्य टीमें स्कॉटलैंड और कनाडा की हैं। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 की शुरूआत 28 फरवरी से होगी। इसके बाद यूएई अगले महीने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा। 62 वर्ष के राजपूत , 2007 में उद्घाटन टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे। राजपूत ने 2016-17 में अफगानिस्तान को भी कोचिंग दी थी, इस अवधि के दौरान टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) द्वारा टेस्ट का दर्जा दिया गया था। उन्होंने 2018-2022 तक जिम्बाब्वे के कोच के रूप में भी काम किया और 2022 में पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की।

## कृष्णा ने एक ओवर में छह छक्के लगाये, युवी-ऋतुराज-शास्त्री के क्लब में शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी टूनार्मेंट में आंध्र प्रदेश के बल्लेबाज वामसी कृष्णा ने बुधवार को विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने एक ओवर में लगातार छह छक्के जड़कर इतिहास रच दिया। इसी के साथ वह रवि शास्त्री, युवराज सिंह और ऋतुराज गायकवाड़ के क्लब में शामिल हो गए। बुधवार को कडप्पा में रेलवे के खिलाफ खेले गए मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज वामसी ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने एक ओवर में छह छक्के जड़कर क्रिकेट जगत में कोहराम मचा दिया। रवि शास्त्री (1985), युवराज सिंह (2007) और ऋतुराज गायकवाड़ (2022) के बाद वह एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए।

### वामशी का अविश्वसनीय प्रदर्शन

वामसी ने रेलवे के गेंदबाज दमनदीप सिंह के खिलाफ अविश्वसनीय पारी खेली। इस ओवर में उन्होंने छह छक्के जड़कर 36 रन बटोर लिए। इस विस्फोटक पारी के दम पर वामसी ने 54 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इस मुकाबले में रेलवे के खिलाफ 64 गेंद में 110 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 12 छक्के और चार चौके निकले। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले



ट्विटर) पर वामसी के इस कारनामे का वीडियो साझा किया है।

### युवी-ऋतुराज-शास्त्री भी जड़ चुके एक ओवर में छह छक्के

10 अगस्त 1985 को रवि शास्त्री ने बड़ौदा के खिलाफ रणजी मुकाबले में ये कारनामा किया था। उन्होंने तिलक राज को निशाना बनाते हुए एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। वहीं, 19 सितंबर 2007 को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबले में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्रॉड को निशाना बनाया था। उन्होंने इंग्लिश गेंदबाज के ओवर में लगातार छह छक्के ठोककर सनसनी मचा दी थी। युवी के अलावा ऋतुराज गायकवाड़ ने साल 2022 में विजय हजारे ट्रॉफी में इतिहास रचा था। महाराष्ट्र के इस बल्लेबाज ने यूपी के शिवा सिंह के खिलाफ एक ओवर में सात छक्के ठोके थे। इस ओवर में एक नो बॉल भी फेंकी गई थी जिस पर गायकवाड़ ने बेरहमी से छक्का ठोक दिया था।

## भारत के एसएल नारायनन भी इतिहास रचने के करीब, शतरंज में 2700 अंको से सिर्फ 2 अंक दूर

**नयी दिल्ली।** भारतीय ग्रांड मास्टर एसएल नारायनन अपने खेल जीवन के बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गए है और अगर आने वाले कुछ मुकाबलों में उनका अच्छा प्रदर्शन जारी रहा तो वह भी शतरंज का इतिहासिक 2700 रेटिंग अंको का आंकड़ा हासिल कर लेंगे। शतरंज में 2700 से अधिक रेटिंग के खिलाड़ियों को सुपर ग्रांड मास्टर माना जाता है। एसएल नारायनन नें जर्मनी में चल रही शतरंज लीग में लगातार दो मुकाबले जीतकर अपनी रेटिंग को 2698.3 पर पहुंचा दिया है। भारत वर्तमान में दुनिया का अकेला ऐसा देश है जिसके पास 6 खिलाड़ी 2700 से अधिक रेटिंग के है ।वर्तमान में लाइव रैंकिंग में विश्वनाथन आनंद (2748), गुकेश डी , प्रज्ञानन्दा आर और विदित गुजराती (2747), अर्जुन एरिगासी (2744) और पेंटाला हरीकृष्णा (2701) रेटिंग पर है। हालांकि अगर नारायनन 2700 का आंकड़ा पार करते है तो वह ऐसा करने वाले अधिकृत तौर पर देश के नौवे खिलाड़ी होंगे क्यूंकी इससे पहले कृष्णन शशिकीरण और अधिबन भास्करन भी यह कारनामा कर चुके है। एसएल नारायनन के अलावा भारत के निहाल सरीन भी इस समय 2693 पर है और उन्हे भी अब यह जादुई नंबर पार करने के लिए 7 अंको की आवश्यकता है।

# बीसीसीएल मे चार दशकों से नंबर वन है जनता मजदूर संघ का यूनियन : सिद्धार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** यूनियन की सबसे बड़ी पूंजी मजदूरों का विश्वास है। इन्ही के बदौलत यूनियन आगे बढ़ती है। बीसीसीएल क्षेत्र में मजदूरों के विश्वास के बदौलत ही जनता मजदूर संघ पिछले चार दशकों से नंबर वन बना हुआ है। संघ का एक मात्र उद्देश्य मजदूरों को उनका हक अधिकार दिलाना है। यह बातें जनता मजदूर संघ के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने बुधवार को बेरमो के ढोरी के चपरी गेस्ट हाउस मे कही। उन्होंने कहा कि स्व. सूर्यदेव सिंह ने जिस सोच के साथ संघ का गठन किया था। उसे लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। महामंत्री श्री सिंह ने ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल से मिलकर मजदूर समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। ढ़ोरी प्रक्षेत्र के एडीओसीएम (अमलो), बीएंडके क्षेत्र के करगली गेट और खासमहल जमसं के मिलन समारोह में 51 किलो का माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह में कई लोगो ने अपने समथकों के साथ जनता मजदूर संघ का दामन थामा। इन सभी का स्वागत करते हुए सिद्धार्थ गौत्तम ने कहा कि उनके साथियों का कार्यशैली वास्तव में प्रसंस्नीय है। इनके जुझारूपन को देख ऐसा लग रहा है कि अब संघ बीसीसीएल में ही नहीं सीसीएल में भी अपना पताका लहराएगी। समारोह को संबोधित करते हुए यूनियन के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह व जोनल सचिव सचिव ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इमानंदारी पूर्वक कार्य किया जाएगा। आने वाले दिन में, कथारा, ढोरी व बीएंडके आदि ही नहीं सीसीएल में यूनियन को नंबर वन बनाया जाएगा। बीएडके एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार, ढ़ोरी एरिया अध्यक्ष घीरज पांडेय व सचिव विकास कुमार सिंह कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद यादव ने कहा कि संघर्ष ही मेरी पूंजी है। इसी के बदौलत मजदूर मुझपर विश्वास करते हैं। मजदूरों के हक अधिकार को ले लड़ाई का कारवा आगे भी जारी रहेगा। मिलन समारोह की अध्यक्षता जमसं सीसीएल के अध्यक्ष कमलेश सिंह व संचालन मोहम्मद खुर्शीद ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार, अभय कुमार सिंह, उज्जवल मुखर्जी, नवीन श्रीवास्तव, मोनू कुमार, शिबू कुमार, राजेश नायक, शशि सिंह, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## एक नजर में

### खेल को हमेशा खेल के रुप में ही खेलने की जरूरत : माधवलाल



**बेरमो/कथारा।** कथारा आई बी एम ग्राउंड में माँ मनसा क्लब के द्वारा आयोजित स्व विनोद एवं सुंदर क्रिकेट मेमोरियल टूनार्मेंट का फाइनल मैच जूनियर माँ मनसा क्लब कथारा और मैक्स क्लब बांध बस्ती की टीम के बीच खेला गया जिसमें मनसा क्लब की टीम ने जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया फाइनल मैच में माँ मनसा क्लब ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित ओवर में 113 रन बनाए जवाब में मैक्स क्लब बाँध की टीम ने 86 रन ही बना पाई माँ मनसा क्लब मैच को जीत लिया मैच में अपने बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए पवन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड बिहार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और ढेर सारी शुभकामनाएं दिए आयोजन करता मां मनसा क्लब के चंद्रशेखर यादव,राहुल,मुकेश यादव, दिलीप,दिनेश,विकाश,पंकज,मनीष ने अहम भूमिका निभाई मौके पर बाँध पंचायत के पंचायत समिति सदस्य चंद्रदेव यादव, अंकुश भंडारी,पंकज रवानी, अर्जुन यादव,आकाश कुमार, अमित कुमार,आदि उपस्थित है।

### दामोदर घाटी निगम का दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट सम्पन्न



**बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम में हुए 20,21 दो दिवसीय ऑल 47वां अखिल घाटी एथलेटिक्स मीट कार्यक्रम में बंगाल के मेजिया थर्मल पॉवर स्टेशन प्रथम वा दुगार्पुर थर्मल पावर स्टेशन दुत्तीय स्थान हासिल की। कार्यक्रम संपन्न के दौरान फ्रेंडली दौर में सीटीपीएस के मुख्य अभियंता प्रथम, बीटीपीएस परियोजना दुत्तिये वा डीजीएम तृत्ये स्थान हासिल की। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए परियोजना प्रधान ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले जितने वा हारने वाले सभी बधाई के पात्र हैं,जिन्होंने इस मीट में भाग लिया। वही इस एथलेटिक्स मीट में दुगार्पुर, चंद्रपुरा, अंदाल, मैथन, मेजिया, कोडरमा, बोकारो थर्मल सहित ऑल वैली दामोदर घाटी निगम के खिलाड़ी मौजूद थे। कार्यक्रम में डीबीसी डीजीएम वी जी होलकर,सुनील कारण,राजू प्रसाद,विष्णु गोस्वामी, एस सरकार विनय कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय अस्पताल की समस्या को लेकर कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ ने दिया धरना

**धनबाद।** अस्तित्व का रोना रो रहे बीसीसीएल के केंद्रीय अस्पताल की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ ने अस्पताल के समक्ष 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। पूर्व घोषित धरने की अध्यक्षता हरिपद रवानी तथा संचालन आर एस तिवारी ने की। धरना में काफी संख्या में कोल कर्मी तथा सेवानिवृत्त कोल कर्मी शामिल थें। धरना के दौरान सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में 35 हजार स्थाई कर्मचारी व उनके परिवार के स्वास्थ्य को लेकर क्या करे यह सोच का विषय है। इस धरना के माध्यम से बीसीसीएल प्रबंधन व उच्च प्रबंधन से कोल कर्मियों और उनके परिजनों की उचित चिकित्सा के लिए न्याय की गुहार लगाई गई है। धरना में मुख्य रूप से बिंदेश्वरी प्रसाद, अमरेंद्र चौधरी, श्रवण कुमार, चिमन कुमार, रामचंद्र पासवान, राम अवतार गोप अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद तथा मथुरा बैठा सहित अन्य शामिल थें।

### बोकारो स्टील प्लांट में कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो।** बीएसएल के सीआरएम एक एवं दो के पिकलिंग लाइन अनुभाग में शॉप कार्मिक द्वारा आयोजित कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम में पीएफ ई नामांकन और ग्रेच्युटी नामांकन पृथक्करण आदेश दावा प्रपत्र अगले वित्तीय वर्ष के लिए भत्तों में बदलाव का विकल्प नाम परिवर्तन हेतु परिपत्र ऑनलाइन पेंशन फॉर्म भरना अनुकंपा पर रोजगार आईओडब्ल्यू और इसकी प्रक्रिया एमआईबी इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभाग के 05 अधिशासी तथा 18 कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। कार्यक्रम में विभाग के जीएम संजीव मिश्रा सुप्रीत एके सिंह व कार्मिक मिल्स के डीजीएम अविनाश झा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (कार्मिक संकार्य/ मिल्स) सुष्मिता सोरेन तथा प्रबंध प्रशिक्षु एचआर नितेश कुमार ने किया।

### स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहा है सवाल, सीसीटीवी कैमरे पर चोरी की संपूर्ण वारदात हुई कैद



**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के त्रिजल नगर में आवष्ठित क्रिएटिविटी वेस्ट टेक्नोलॉजी कंपनी के कार्यालय में पिछले 14 जनवरी को बहुत ही नाटकीय ढंग से चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया था। कार्यालय से नगद 04 लाख 30 हजार एव एलडी मॉनिटर टीवी वा अन्य सामानों को चोरी कर चोर आराम से चलते बने। दूसरी ओर चोरी की घटना का संपूर्ण वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, चोरी की ये घटना की लिखित सूचना आवेदन के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई,किंतु चोरी की घटना का यह मामला एक माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद पुलिस इस घटना का उद्भेदन कर पाने में असफल रही है। इस संदर्भ में एजेंसी धारक का कहना है कि इस कार्यालय से कई बेरोजगार युवाओं का रोजगार चलता है,जबकि खुद एजेंसी धारक दिल्ली के है अगर ये एजेंसी किन्ही कारणों से बंद हो जाती है तो कितने लोग बेरोजगार हो जायेंगे, भुक्तभोगी एजेंसी धारक का कहना है कि इस तरह की घटना का पूणार्हुति ना हो। इस घटना में शामिल अपराधी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो इसे लेकर स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है।

### शिक्षक उमेश महतो के असामयिक निधन से लोग हुए शोकाकुल

**बोकारो/तालगड़िया।** चास प्रखंड स्थित बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह निवासी शिक्षक युवा मोटीवेशन स्पीकर व समाजसेवी उमेश महतो के ड्यूटी जाने के क्रम में बोकारो स्टेशन पर रांची के लिए ट्रेन पकड़ने हेतु प्लेटफॉर्म 2 पर जाने के लिए सीढ़ी चढ़ते वक्त उन्हें अचानक दौरा पड़ा। आनन फानन में उन्हें बीजीएच लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी शव यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर चंदनकियारी विधायक के प्रतिनिधि दिलीप महतो आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो जिप सदस्य प्रतिनिधि रामपद दास प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सृष्टिधर रजवार जेबीकेएसएस नेता अर्जुन रजवार शिक्षक लालमोहन महतो, मनोज महतो, नकुल महतो, मुखिया कालाचांद महतो, मंटू महतो, रजनीकांत महतो, सुशैन रजवार, उनके घर पहुंचे एवं शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।

## रामकथा में माता सती के पिता के अहंकार की कथा हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गौशाला अटल चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय रामकथा में बुधवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविन्द गगार्चार्य जी ने सती के अपने पिता दक्ष प्रजापति के घर आने का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सती के पिता दक्ष को जब देवताओं में प्रजापति का पद मिला तो उसे अहंकार हो गया। वास्तव में पद, प्रतिष्ठा, धन जिसे मिल जाए वह अहंकारी हो जाता है। परंतु वही अहंकार उसके पतन का कारण बनता है।हम सिकंदर के बराबर बलवान नहीं है। पर जब सिकंदर मरने लगता है तो कहता है जब मेरी अंतिम यात्रा निकालना तो मेरे दोनों हाथ कब्र से बाहर निकाल देना। ताकि लोग देख सके कि मैंने कितनों को लूटकर धन इकट्ठा किया पर आज वह मेरे साथ नहीं गया। संसार की कोई वस्तु सदा साथ नहीं रहती तो घमण्ड किस बात का करते हो। अंत में माता पार्वती और भगवान शंकर के विवाह से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। रामकथा में मुख्य रूप से बजरंग दल राष्ट्रीय धर्म प्रचारक यज्ञाचार्य आशीषा नंद महाराज, आचार्य आशीष पांडे, अभिषेक पांडे, सोनू पाठक, रिसी पांडे, मुख्य यजमान राघव कु तिवारी, कौशल सिंह, शशि सिंह, गणेश सिंह, ललित चौबे, प्रभु सिंह, निपेंद्र झा, अनुभव, दिपु, भोला, अनिरुध सिंह, शंकर झा, सतेंद्र सिंह, उपेंद्र सहित समस्त मारुति नंदन यज्ञ कमिटी उपस्थित थे।

## चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 में लगा पेंशन शिविर

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 11 स्थित तालडांगा हाउसिंग कालोनी के वार्ड विकास केंद्र में वार्ड 8 से 14 तक के लाभुकों के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के 50 से 59 वर्ष आयु वर्ग के महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के पुरुषों का पेंशन से संबंधित कुल 118 आवेदन प्रपत्र संग्रहण किया गया है। शिविर में अंचलाधिकारी एग्यारकुंड कृष्ण कुमार मरांडी, कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सिद्धार्थ प्रमाणिक आदि थे।

## जनकल्याण के विद्यालय में 24 को मनेगी संत रविदास जयंती

**बोकारो।** जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा स्थानीय सेक्टर 12ए में संचालित भगवान बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में कोषाध्यक्ष अक्षय लाल पासवान की अध्यक्षता में शिक्षकों और कमेटी के सदस्यों की संपन्न संयुक्त बैठक में स्कूल के संस्थापक सदस्य सचिव परशुराम राम ने कहा कि संस्था की ओर से 24 फरवरी दिन शनिवार को माघी पूर्णिमा स्नान दान के अवसर पर संत रविदास जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर बाल भोज कराया जाएगा। स्कूल के सभी बच्चों में पोशाक वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि हेल्पिंग हैंड के संस्थापक समाजसेवी गोपाल मुरारका होंगे। उक्त बैठक में हरिशंकर प्रसाद सोनी रवि कुमार दास जोगिंदर बिहार दास ममता सिंह गुड़िया देवी चंदेश्वर ठाकुर मुसाफिर ठाकुर विजय कुमार बबीता कुमारी अजय कुमार बृजकिशोर बैठा आदि उपस्थित रहे।

## जनसंपर्क पदाधिकारी ने संभाला कामकाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सभी सूचनाएं जनता के साथ साझा की जाएगी। मौके पर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह इकाई लिपिक राकेश रंजन सिन्हा संतोष कुमार चौरसिया मो सलाम आशुतोष कुमार मनोज सोरेन समेत अन्य मौजूद कर्मियों द्वारा निवर्तमान डीपीआरओ राहुल भारती को पुष्प गुच्छ/शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई। साथ ही नव पदस्थापित डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## लाखों रूपए खर्च के बाद भी जारंगडीह वासियों को नहीं मिली कोल डस्ट की समस्या से निजात



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में कोल डस्ट की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। सबसे ज्यादा फुसरो गोमिया मुख्य पथ के जारंगडीह में उड़ती कोल डस्ट से राहगीर और दुकानदार परेशान हैं, जबकि सीसीएल प्रबंधन कोल डस्ट से राहत के लिए पानी छिड़काव के स्प्रिंकल लगाया है। इस मद में लाखों रुपये खर्च की गई है लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो रहा है।

इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर तथा जारंगडीह वासियों को जारंगडीह कांटा घर से लेकर जारंगडीह वीटीसी सेंटर तक सफर तय करना जंग जीतने की तरह होती है। महज 10 मिनट के सफर में साफ सुथरा व्यक्ति पहचानने लायक नहीं रह जाता है।वहीं धूलकण की वजह से आंखों के सामने दिन में ही अंधेरा छा जाता है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने सीसीएल कथारा क्षेत्रीय प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीएल कथारा क्षेत्र के सिविल विभाग लूट में व्यस्त है। टेंडर के बाद जो काम होता है उस पर निगरानी नहीं होती है। जैसे तैसे कार्य को किया जाता है। महज कागजों पर कार्य किया जाता है, वास्तविक धरातल पर कार्य के नाम पर आईवॉश की जाती है। सीसीएल प्रबंधन द्वारा साफ सफाई के नाम पर लाखों रूपए की निविदा निकाली जाती है। लेकिन समस्या बरकरार है। वहीं जारंगडीह के रहने वाले भगवान सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि कोल डस्ट से जारंगडीह वासी सहित राहगीर तो परेशान हैं ही, साथ में सीसीएल कॉलोनियों में भी गंदगी फैली हुई है। समस्या से छुटकारा नहीं मिल रही है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सीसीएल में सतर्कता विभाग है लेकिन वह भी मूकदर्शक बनी रहती है।

## जमसं (कुंती गुट) और मासस, झामुमो नेता सहित समर्थकों के बीच जमकर हुई मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेल टासरा के संवेदक कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के कोयला लदे दो वोल्वो को रोककर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के टासरा शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह सहित ग्रामीणों और केटीएमपीएल के सहयोग में मासस नेता जीतू सिंह, झामुमो नेता गोवर्धन मंडल सहित कई ग्रामीण उलझ गए। इसको लेकर पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसमें विनोद उर्फ दुखन सिंह, कालीपद मंडल, राजू सिंह उर्फ काली, रिक्की कुमार, राहुल सिंह, जमसं उपाध्यक्ष दीपक सिंह, बिरजू सिंह, अरुणा देवी, रोहित सिंह, डब्ल्यू सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण घायल हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार को टासरा प्रोजेक्ट से पहले दिन दो वोल्वो से कोयला ट्रांसपोर्ट शुरू किया गया। इसका विरोध कर 13 सूत्री मांगों को लेकर पहले पक्ष जनता मजदूर संघ के शाखा सचिव बिरजू सिंह सहित ग्रामीणों ने केटीएमपीएल के दोनों वोल्वो वाहन संख्या जे एच 10 सी वी 4704 और जे एच 10 सी यू 6988 को झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर गौशाला बाजार में नारायण पेट्रोल पंप के समीप रोक लिया। वहीं दूसरे पक्ष केटीएमपीएल के सहयोग में मासस नेता जीतू सिंह, झामुमो नेता गोवर्धन मंडल सहित कई ग्रामीण पेट्रोल पंप के समीप पहुँचकर दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे चले। सिंदरी अनुमंडल की पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को गौशाला ओपी बुलाते हुए दोनों वाहनों को गौशाला ओपी में खड़ा कर दिया गया। इसको लेकर पहले पक्ष जमसं शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने कहा कि 13 सूत्री मांगों पर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हो सका है। इसको लेकर विरोध किया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष मासस नेता जीतू सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट चलना चाहिए और ग्रामीणों को नियोजन मिलना चाहिए। इसका विरोध करने वाले का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

## भाजपा महिला जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

**बेरमो।** बुधवार को सेंट्रल कॉलोनी मकोली ब्लॉक 29 उड़िया मोहल्ला में श्रीमती गिरिजा देवी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व एवं दिनेश यादव अध्यक्ष फुसरो नगर , मदन श्रीवास्तव जिला कार्य समिति सदस्य श्रीमती वीणा देवी अध्यक्ष महिला मोर्चा फुसरो नगर की उपस्थिति में दर्जनों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई। अनीता देवी पिंकी देवी रेखा देवी गायत्री कुमारी कलपतिया देवी आंगन बाई ईश्वरी देवी पार्वती देवी सोनी कुमारी अमन कुमारी कंचन कुमारी सावित्री देवी पांडी पोरोडा गुड़िया देवी सुमन देवी रवि कुमार अरुण पांडे शशि चौहान जय चौहान जीतो पारीडा एवं अन्य के नाम भाजपा मे शामिल होने वालो मे है।

## बोकारो स्टील सिटी के खाली फील्ड की बुकिंग होगी ऑनलाइन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए खाली फील्ड के अस्थायी आवंटन करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने हेतु कंप्यूटर एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की मदद से ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गयी है। अब विभिन्न प्रकार के आयोजनों के आयोजक खाली मैदान की बुकिंग बोकारो स्टील डॉट इन के पोर्टल पर कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक दिए गए पोर्टल पर पहले अपने विवरण एवं आईडेंटिटी भरते हुए रजिस्टर करेंगे तत्पश्चात लॉगिन कर अपनी जरूरत के मैदान सेलेक्ट करेंगे फिर उसकी उपलब्धता के अनुसार आवेदन करेंगे। उक्त आवेदन की समीक्षा करने के पश्चात विभाग द्वारा सहमति प्राप्त होने पर ऑनलाइन पेमेंट पोर्टल पर पेमेंट करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। पुनः जिला प्रशासन के एसडीओ का परमिशन मिलने के बाद फाइनल अनुज्ञप्ति प्रदान कर दी जाएगी।

## पेज 1 का शेष

### जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

**क्या था मामला :** गत 28 जनवरी 2024 को राज्यभर में जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा के दौरान तीसरी पाली की परीक्षा के प्रश्न पत्र वायरल हो गया। अंततः परीक्षा को रद्द करनी पड़ी। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद छात्रों का आंदोलन आयोग कार्यालय के सामने देखने को मिला। नाराज छात्रों ने जमकर तोड़फोड़ भी की। इस परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के कारण छात्रों में नाराजगी देखी गयी थी। छात्रों ने आयोग का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया था। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को लाठियां भी चटकानी पड़ी थी। इससे आयोग की बहुत किरकिरी हुई थी। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद एक तरफ जहां छात्र आंदोलनरत हैं और इसकी जांच सीबीआइ से कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी और विपक्ष के द्वारा लगातार झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिंहा पर कांड दर्ज कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही थी। ऐसे में आयोग के अध्यक्ष के रूप में नीरज सिंहा का इस्तीफा देना बड़ी बात है।

### सभी समस्याओं हल हम निकाल लेंगे : कृषि मंत्री

**किसानों की मांग :** किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**हरियाणा पुलिस की निंदा :** किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने बोलते हुए कहा है कि "पुलिस फायरिंग के दौरान बठिंडा जिले के एक 23 वर्षीय व्यक्ति को गोली लग गयी। दुर्भाग्य से, ये सभी प्रदर्शनकारी पंजाब क्षेत्र में थे और उनमें से किसी ने भी कुछ गलत नहीं किया, लेकिन हरियाणा की पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह की कार्रवाई कर रही हैं, वो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को किसानों के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के खिलाफ पंजाब के थाने में एफआईआर की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि पुलिस फायरिंग हो रही है और वे गृह मंत्री हैं, इसलिए ये उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। हालांकि अब तक हरियाणा पुलिस ने कहा है कि आज किसी भी शख्स की गोली से जान नहीं गयी है।

# जनता मजदूर संघ का आंदोलन समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** जनता मजदूर संघ की ओर से सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना में संचालित आउट सोसिंग कम्पनी में रोजगार की मांग को लेकर पूर्व में दिए पत्र के अवलोक में दो बार विफल वार्ता के बाद जनता मजदूर संघ के द्वारा मंगलवार की सुबह लगभग छः बजे से सीसीएल गोविंदपुर में कार्यरत आरए माइनिंग आउट सोसिंग कम्पनी के खिलाफ अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन शुरू किया गया। जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन एवं आउट सोसिंग कंपनी हरकत में आई और वार्ता के लिए जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया। और पीओ कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन की ओर से पीओ अनिल कुमार तिवारी, कार्मिक प्रबंधक समविराज सिंह उपस्थित रहें। वहीं जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव करगली क्षेत्र के ओमप्रकाश उर्फ टीनू सिंह, कथारा क्षेत्रीय सचिव कामोद प्रसाद, अध्यक्ष किशोर महतो, सचिव दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष पप्पू यादव सहित अन्य जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी सामिल रहें। साथ ही आरए माइनिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष सिंह के बीच लम्बी वार्ता के बाद सहमति बनी। त्रिपक्षीय वार्ता बैठक में सर्व सहमति से लिए गए निर्णय के पश्चात आरए माइनिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष सिंह के माध्यम से यह आस्वस्त किया गया है की विस्थापित योग्य ग्रामीणों को आरए माइनिंग में नियोजन दिनांक 29 फरवरी 2024 को सुनिश्चित कर दिया जायेगा। जिसके बाद सुबह लगभग 6 बजे से शुरू अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। जिस पर जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी टीनू सिंह ने कहा कि वार्ता में बहुत तरह की बाते हुई। हमलोग की मांग था नियोजन जो कंपनी के तरफ से लिख कर दिया गया है कि नियोजन देगें। बात ऐसा है की मांग कुछ लम्बा था बड़ा था परंतु हमलोग पूर्ण संतुष्ट तो अभी नहीं हुए हैं। लेकिन अंसिक सफलता जरूर मिली हैं। और हमलोगो का आगे का रास्ता हुआ है। मौके पर जेएमएस के सह सचिव गणेश, उदय अग्रवाल, सोरेन, बसंत राय, कोषाध्यक्ष सुजय सिंह, गौरीशंकर, बिरेश निषाद, विनय वर्मा, रितिक पासवान, रंजित ठाकुर, कौलेश यादव, हजरत अंसारी, इकबाल अंसारी, जगदीश राम, गुड्डू राम, धनेश्वर यादव, किशुन घाँसी,प्रेम कुमार, बृज लाल महतो,मनोज महतो, दीपक घोस, सहजद अंसारी, सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल रहें।

## स्पीड न्यूज

### बिहार विस के उपाध्यक्ष हजारी ने दिया इस्तीफा



**पटना ।** विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें नीतीश मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। जदयू नेताओं के अनुसार हजारी को जल्द ही मंत्री बनाया जायेगा। इस वजह से ही उन्होंने उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। हजारी पहले भी नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में भवन निर्माण मंत्री रह चुके हैं। महेश्वर हजारी जदयू से चार बार विधायक रहे है। पासवान जाति से आते हैं।

### इजरायल का सीरिया की राजधानी में हमला

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किये। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया।

### ब्रिटेन का बैलेस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण हुआ असफल

**लंदन।** ब्रिटेन की नौसेना का मंगलवार को ट्राइडेंट द्वितीय अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण असफल रहा । द सन ने मंगलवार को सूत्रों एवं ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

### उत्तराखंड में आदमखोर टाइगर पकड़ा गया

**नैनीताल।** कार्बेट पार्क से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने आदमखोर बाघ (टाइगर) को वन विभाग की टीम ने बीती देर रात को आखिरकार पकड़ लिया है। बाघ का डीएनए जांच के लिये हैदराबाद भेजा जा रहा है। कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के निदेशक धीरज पांडे ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बाघ को ढेला रेंज के पतरूवा पूर्वी बीट से बीती देर रात को रेस्क्यू किया गया। बाघ की उम्र सात से आठ साल बतायी जा रही है। उसे सुबह ढेला रेस्क्यू सेंटर लाया गया।

### ओडिशा के पूर्व मंत्री पाणिग्रही भाजपा में

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री एवं गोपालपुर विधायक प्रदीप पाणिग्रही सभी राजनीतिक अटकलों पर विराम लगाते हुए बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये। ओडिशा भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने श्री पाणिग्रही का स्वागत किया और यहां राज्य पार्टी कार्यालय में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उन्हें पार्टी में शामिल किया।

### अमेरिकी सीनेट का चुनाव लड़ेंगे कृष्णमूर्ति



**न्यूयॉर्क।** एक शीर्ष अमेरिकी पत्रिका में भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में रखा गया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि कृष्णमूर्ति 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया है। नई दिल्ली में जन्मे और इलिनोइस में पले-बढ़े डेमोक्रेट को शिकागो मैगजीन की हेवी हिटर्स सूची में 24वां स्थान मिला था, जिसमें इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर शीर्ष पर थे। 2016 में कांग्रेस के लिए चुने गए कृष्णमूर्ति अब अपने चौथे कार्यकाल में इलिनोइस के 8वें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें शिकागो के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ शहर का 41वां वार्ड भी शामिल है।

# पाकिस्तान के पीएम बनेंगे शाहबाज, जरदारी राष्ट्रपति

## पड़ोसी देश में सत्ता की दौड़ : पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच बनी सहमति

**एजेंसी**

▶▶ **सरकार बनाने के लिए फिर हमराह बनेंगे बिलावल भुट्टो**



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटों के आंकड़ों दूर दलों की जोड़तोड़ की कवायद आखिरकार कामयाब होती दिख रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार देर रात बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पत्ते खोल दिए। इन नेताओं ने कहा अगले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ होंगे। आसिफ अली जरदारी को दोनों पार्टियां संयुक्त रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करेंगी। पाकिस्तान के जिओ न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जिओ न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता कर लिया है। दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे देशहित में सरकार बनाने के लिए एक बार फिर हमराह बनेंगे। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब पूरी संख्या है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं। बिलावल ने कहा कि शहबाज अगले प्रधानमंत्री होंगे और जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए दोनों पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए अगली सरकार बनाएंगे। सीनेट अध्यक्ष के रूप में पीएमएल-एन नेता इशाक डार के नामांकन के संबंध में एक सवाल पर, बिलावल ने जवाब दिया कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। आसिफ अली जरदारी ने कहा कि वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनका संघर्ष आपके, पाकिस्तान और आने वाली पीढ़ियों के लिए है। शहबाज ने कहा कि हमारे पास अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है।" उन्होंने बिलावल और जरदारी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शहबाज ने भी कहा कि दोनों पार्टियों ने फैसला किया है कि जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा। शहबाज ने कहा कि मंत्रालयों पर निर्णय पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और पीपीपी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में बाद में लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव में पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 92 सीट हासिल की हैं। पीएमएल-एन को 79 और पीपीपी को 54 सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

### बिहार के लखीसराय में भीषण सड़क हादसा, नौ मरे और पांच की हालत नाजुक

**पटना।** बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास बुधवार अहले सुबह ट्रक और सीएनजी टैंपो की सीधी टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल पांच लोगों की हालत नाजुक है। इस टक्कर में टैंपो के परखच्चे उड़ गए । टैंपो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर हो गई । एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। मृतकों में टैंपो ड्राइवर मनोज कुमार भी शामिल है।

## बिहार विधानसभा में विपक्ष के मुर्दाबाद के नारों पर भड़के नीतीश कुमार, कहा

# मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अगले चुनाव में ज्यादातर लोग फिर नहीं जीतेंगे, तब निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बितायेंगे**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये जाने पर भड़क गए। बिहार विधानसभा में बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के 30 मिनट के भीतर ही विपक्ष ने एक बीजेपी विधायक द्वारा मंगलवार को कथित तौर पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर उनसे माफी की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कई विपक्षी सदस्य वेषम में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सदन अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी से अपनी सीट पर लौटने की अपील की, लेकिन उसे भी अनसुनी कर दिया। विपक्षी के मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के नारे पर कुमार अपनी सीट से खड़े हो गये और जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते रहो। मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा। लेकिन याद रखना अगले चुनाव में आप में से ज्यादातर लोग फिर से निर्वाचित नहीं हो पाएंगे। तब आप अपना समय अपने निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बिता सकते हो। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया है। लेकिन आप लोग जब भी सत्ता में आए गलत काम किए। मैं सब कुछ ठीक करने जा रहा हूं। कुमार ने अपर मुख्य सचिव केके पाठक को हटाने की मांग पर भी आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले आदेश दिया था कि शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित स्कूल का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बजाय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाए। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया था कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने मुख्यमंत्री द्वारा सदन के भीतर दिये गए आश्वासन की अवहेलना की है। मुख्यमंत्री ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आप एक अधिकारी को हटाने की मांग कर रहे हैं। क्या आपको ऐसा करने का अधिकार है? आप सबसे ईमानदार अधिकारी को स्थानांतरित कराना चाहते हैं। नीतीश ने कहा कि एक बार जब मुझे स्कूल के नये समय के खिलाफ शिकायतें मिलीं तो मैंने इसे तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया। कुमार ने सदन को बताया था कि स्कूल की समय अवधि में बदलाव किया जाएगा। इसके एक दिन बाद संशोधित समय की घोषणा करते हुए अधिसूचना जारी की गई।

### चाचा ने पलटने का बनाया रिकार्ड : तेजस्वी

**मोतिहारी ।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा नीतीश चाचा ने पलटने का रिकार्ड बनाया। पहले कहते थे,कि मीडिया को मोदी जी ने हाईजैक कर लिया है।अब तो वे खुद ही हाइजैक हो गये। यह तंज उन्होंने नीतीश पर कसते हुए परिभाषित किया कि वे अक्सर मीडिया वालो से बोलते थे कि आप लोगों को मोदी जी ने हाईजैक कर लिया है। इसलिए आप लोग मेरी बात न तो ठीक से छापते है और नही चलाते है। श्री यादव अपने जन विश्वास यात्रा के दुसरे दिन मोतिहारी के स्पोर्टस क्लब के मैदान में एक महत्ती जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार बीजेपी के साथ थे तो कहते थे कि नौकरी असंभव है। लेकिन, महागठबंधन में आये तो हमने 17 महीने में पांच लाख लोगों को नौकरी दी। उन्होंने कहा कि न जाने वे क्यों पटली मार कर बीजेपी के साथ चले गये। आने वाले समय में लोग इसका हिसाब लेंगे।

# इवीएम की पारदर्शिता हर कीमत पर रहेगी बरकरार

**लोकसभा चुनाव**

**स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा आयोग : सीइसी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि निष्पक्ष लोकसभा चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की पवित्रता और पारदर्शिता हर कीमत पर बरकरार रखी जाएगी।

श्री कुमार ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में प्रशासनिक तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक के बाद बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। सीईसी ने विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ईवीएम पर अक्सर उठाए जाने वाले संदेह से संबंधित सवाल पर कहा कि यह कोई नई बात नहीं है लेकिन कुछ राजनीतिक दल ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने ऐसी शंकाओं को दूर करने के लिए सभी कदम उठाए हैं। कुमार ने कहा कि समय-समय पर अदालत के फैसलों सहित सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने निष्पक्ष मतदान के लिए ईवीएम की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कदम उठाए हैं और इससे संबंधित विवरण आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में ईवीएम की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के सुझावों के अनुसार भी कदम उठाए जाएंगे। सीईसी ने कहा कि चुनाव आयोग विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए ईवीएम के परिवहन के दौरान सभी राजनीतिक दलों के एजेंटों को सूचित करेगा, वे जब चाहें तब गिनती करें। कुमार ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को मतदान को प्रभावित करने के लिए नकदी और शराब की तस्करी पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। बैंकों को केवल कार्यालय समय के दौरान नकदी का परिवहन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है।



नयी दिल्ली में ई-बुक का अनावरण और ब्रोशर जारी करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सर्बानंद सोनवाल

# जीवन पद्धति का प्रमुख हिस्सा है आयुर्वेद : मुंडा

**एजेंसी**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य पर संयुक्त पहल से आदिवासी छात्रों को लाभ होगा : सर्बानंद सोनवाल**

नयी दिल्ली। केंद्रीय जनजातीय कार्य, कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय आयुष, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक संयुक्त पहल की घोषणा की। इस परियोजना का लक्ष्य एनीमिया, हीमोग्लोबिनोपैथिस, कुपोषण और तपेदिक पर विशेष ध्यान देने के साथ देश के 14 राज्यों में चिन्हित 55 ईएमआरएस में कक्षा 6 से 12वीं में नामांकित 10-18 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति की जांच करना है। मुंडा ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय जीवन पद्धति का एक प्रमुख हिस्सा है। भारत की जो परम्पराएँ आदिकाल से रही हैं, उसको नए तरीके से लोगों के बीच जागरूकता के साथ सतही तौर पर नीचे तक पहुंचा जा सके उसकी यह पहल है ।आयुष मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय की संयुक्त अनुसंधान और विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य की यह पहल देश के विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन में मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने एकलव्य विद्यालयों से भी आग्रह किया कि जिस प्रकार एकलव्य विद्यालय में पोषण वाटिका बनाए गए हैं वैसे ही औषधीय पौधों की वाटिका बनाई जाए और इसकी शिक्षा भी साथ ही साथ दी जाए।

# शाहरुख खान को मिला दादा साहब बेस्ट एक्टर का पुस्कार



**मुंबई ।** दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार के रूप में जाना जाता है। यह पुरस्कार समारोह हाल ही में मुंबई में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर कलाकारों ने शिरकत की। इस अवॉर्ड समारोह का एक्टर साल भर तक इंतजार करते हैं। इस साल बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया। बॉबी देओल और संदीप रेड्डी वांगा को फिल्म एनिमल के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण फिल्म उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। इस इवेंट में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, विक्की कौशल और नयनतारा नजर आए। आइए अब जानते हैं कि किस फिल्म के लिए किसने जीता अवॉर्ड...दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण फिल्म उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। इस इवेंट में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, विक्की कौशल और नयनतारा नजर आए। इस दौरान शाहरुख खान ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ पोज देकर भी सुर्खियां बटोरी।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - शाहरुख खान (जवान), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - नयनतारा (जवान), सर्वश्रेष्ठ खलनायक - बॉबी देओल (एनिमल), निर्देशक - संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल)।

### कोहली और अनुष्का के घर आया मेहमान

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बेबी बॉय का स्वागत किया अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बच्चे का स्वागत किया है। आखिरकार बुधवार को एक्ट्रेस ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए दूसरी बार मां बनने की प्यारी खबर अपने फैंस के साथ शेयर की है। अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी को एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया।

# राहुल गांधी के करीबी निकेत भाजपा में शामिल

**एजेंसी**

**कांग्रेस को झटका**

▶▶ **राम मंदिर मुद्दे पर पार्टी के रवैये से नाराज थे पटेल**

▶▶ **सुरत में दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओंने थामा दामन**



**सूरत।** राम मंदिर मुद्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं। बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया। इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई। राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी। इसका उन्हें बहुत दुख था। पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काफी समय से उनका मन व्यथित था। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व पार्षद सुनील पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा से प्रेरित होकर नए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री जो बोलते हैं, वह करते हैं। देश के लोग उन पर विश्वास करते हैं। पहले देश में परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति थी लेकिन आज नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास की राजनीति स्थापित की है। महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण का काम किया है।

### भारत-यूनान के बीच व्यापार होगा दोगुना

**नयी दिल्ली।** भारत और यूनान ने आपसी संबंधों को आधुनिक स्वरूप देने के लिये मिलकर कई नयी पहल करने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के विस्तार का निश्चय किया है। दोनों देश परस्पर व्यापार को 2030 तक दो गुना करने की दिशा में अग्रसर हैं। दोनों देशों के नागरिकों को एक-दूसरे के यहां आने-जाने में आसानी के लिये चल रही बातचीत को जल्द से जल्द सम्पन्न करना चाहते हैं। यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आये यूनान के प्रधानमंत्री मित्सो-ताकिस के साथ बातचीत के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दी।


सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा

ज्योतिषाचार्य

जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।

I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र

डॉक्टर आर के पाठक

होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज (सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)

सम्पर्क : 8409363623

कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !